# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक

रांची, बुधवार, 11 दिसंबर 2024
संवत 2081, मार्गशीर्ष शुक्ल 10- मूल्य 2 रुपये
वर्ष-8, अंक 95 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ बीमा सखी योजना : ग्रामीण महिलाओं को बनायेगी सशक्त

तीसरी एनिवर्सरी पर राजस्थान में कटरीना ने जंगल में बिताए 48 घंटे ◂◂ 6







## संजय मल्होत्रा' ने अगले 3 वर्षों के लिए आरबीआई के 26वें गवर्नर का कार्यभार संभाला



**नई दिल्ली :** भारतीय रिजर्व बैंक के 26वें गवर्नर के रूप में संजय मल्होत्रा ने आज अपना कार्यभार संभाल लिया। उनका तीन साल का कार्यकाल भारतीय बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र के लिए नई दिशा तय करेगा। शक्तिकांत दास के कार्यकाल की समाप्ति के बाद संजय मल्होत्रा को इस महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया गया है। संजय मल्होत्रा ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के तहत राजस्थान कैडर से अपनी सेवा शुरू की थी। वह अब रिजर्व बैंक के गवर्नर के रूप में कार्यभार संभाला है।उन्होंने उर्जित पटेल के इस्तीफे के बाद केंद्रीय बैंक की जिम्मेदारियां संभाली थी। संजय मल्होत्रा का कार्यकाल अगले तीन साल के लिए होगा।

मल्होत्रा के पास वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र में अत्यधिक अनुभव है। उन्होंने भारत सरकार के वित्त मंत्रालय में वित्तीय सेवा विभाग के सचिव के तौर पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं।

इसके अलावा, उन्हें केंद्र और राज्य सरकारों में टैक्स और वित्तीय मामलों का भी गहरा अनुभव है।

शक्तिकांत दास का कार्यकाल भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर के रूप में 2018 में शुरू हुआ था और उनके कार्यकाल के दौरान कई महत्वपूर्ण आर्थिक निर्णय लिए गए। हालांकि, सरकार ने उनके कार्यकाल में कोई विस्तार करने का निर्णय नहीं लिया है। बताया जा रहा है कि संजय मल्होत्रा की नियुक्ति का फैसला वित्तीय सेवा क्षेत्र में उनके अनुभव को देखते हुए लिया गया है।

### झारखंड विधानसभा में राज्यपाल संतोष गंगवार का अभिभाषण

# सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण

मेट्रो रेज

**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव होने के बाद पहला विधानसभा सत्र चल रहा है. आज बुधवार को विधानसभा में राज्यपाल संतोष गंगवार का अभिभाषण हुआ. इस दौरान राज्यपाल संतोष गंगवार ने बढ़ी घोषणा कर दी. उन्होंने कहा कि राज्य में सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा।



**विधानसभा चुनाव में जेएमएम ने किया था वादा :** झामुमो ने विधानसभा चुनाव में जारी किये गए घोषणा पत्र में वादा किया था कि जब वह सत्ता में आएगी तो महिलाओं को राज्य सरकार की हर नौकरी में 33 प्रतिशत आरक्षण देगी।

राज्यपाल ने पिछली **विधानसभा के कामों की चर्चा की :** अपने अभिभाषण के दौरान राज्यपाल ने झारखंड सरकार द्वारा पिछले विधानसभा में किये गए कार्यों की चर्चा की. राज्यपाल ने कहा कि सरकार ने आदिवासियों को 28 प्रतिशत, ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण और अल्पसंख्यकों को 12 प्रतिशत आरक्षण दिया है. झारखंड सरकार ने सरना धर्म कोड बिल को पास कर दिया है. ये सभी बिल फिलहाल केंद्रीय गृह मंत्रालय के पास लंबित पड़े हैं. उन्होंने सरकार की प्राथमिकताएं बताते हुए कहा कि सरकार इन प्रस्तावों को जल्द-जल्द से मंजूरी दिलाने का प्रयास करेगी.

**केंद्र सरकार से 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपये लाने के लिए लड़ंगे कानूनी लड़ाई :** राज्यपाल ने अपने अभिभाषण के दौरान कहा कि केंद्र और उनकी कंपनियों के बकाया 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपये हासिल करने के लिए झारखंड सरकार कानूनी रास्ता देखेगी. राज्यपाल संतोष गंगवार ने विधानसभा सत्र के तीसरे दिन अभिभाषण दिया. इस दौरान उन्होंने नवनिर्वाचित विधायकों को बधाई दी और उनसे सुखी, समृद्ध और उन्नत झारखंड बनाने के लिए पूरी निष्ठा के साथ काम करने को कहा. वहीं अभिभाषण के बाद अब सदन में अनूपूरक बजट हो पाएगा।

## फिर दिल्ली कूच की कोशिश करेंगे किसान शंभू बॉर्डर से सरवन सिंह पंढेर का बड़ा ऐलान

**नई दिल्ली :** शंभू बॉर्डर पर किसान डटे हुए हैं. किसानों ने एक बार फिर दिल्ली कूच का ऐलान किया है. किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने मंगलवार को मीडिया से बात की। पंढेर ने कहा कि 14 दिसंबर को किसान एक बार फिर शंभू बॉर्डर से दिल्ली के लिए पैदल कूच करेंगे. उन्होंने कहा कि इस कूच में करीब 101 किसानों का जत्था शामिल होगा. सभी किसान पैदल ही दिल्ली का रुख करेंगे।



**अपनी मांग पर अड़े हैं किसान :** किसान नेता ने कहा कि हम अपनी मांग पर अड़े हैं. उन्होंने दावा किया कि सरकार की तरफ से अब तक न्याय नहीं मिला है. उन्होंने कहा कि किसान दिल्ली जाकर सरकार के सामने अपनी मांग उठाना चाहते हैं. किसानों ने साफ कर दिया है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं हो जाती उनका आंदोलन जारी रहेगा। बता दें, किसानों ने इससे पहले दो बार और दिल्ली कूच का प्रयास किया था, लेकिन वो सफल नहीं हो सके थे।

**पूरे देश से प्रार्थना करने की अपील :** किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि हम कल (11 दिसंबर) को सीमा पर प्रार्थना दिवस अरदास दिहाड़ा मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम पूरे देश को इस मार्च की सफलता के लिए प्रार्थना करने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं । पंढेर ने कहा कि फिल्मी सितारों, गायकों और धार्मिक नेताओं से भी अनुरोध है कि वो हमारे विरोध मार्च का समर्थन करें। किसान नेता ने इस दौरान आंदोलन के दौरान गिरफ्तार किसानों की रिहाई की भी मांग की।

**6 और 8 दिसंबर को भी दिल्ली मार्च की हुई थी कोशिश :** किसानों ने 14 दिसंबर को दिल्ली मार्च का ऐलान किया है। इससे पहले 6 और 8 दिसंबर को भी किसानों ने दिल्ली में दाखिल होने की कोशिश की थी. दोनों बार 101 किसानों का जत्थे दिल्ली कूच पर पैदल निकला था. हालांकि दोनों बार सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया. बता दें किसान इसी साल फरवरी महीने से ही शंभू खनौरी बॉर्डर पर अपनी मांगों के लिए डटे हुए हैं।

**शंभू बॉर्डर पर कड़ी सुरक्षा :** इधर, किसानों के लगातार दिल्ली में दाखिल होने की कोशिश को देखते हुए शंभू बॉर्डर पर सुरक्षा के टाइट इंतजाम किये हैं। बीते 6 और 8 दिसंबर को शंभू बॉर्डर पर भारी हंगामा हुआ था। किसानों ने बैरिकेडिंग को उखाड़ दिया था। किसानों को काबू में करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे थे. ऐसे में एक बार फिर किसानों के मार्च के ऐलान को देखते हुए सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

## सभापति के खिलाफ नोटिस को कामयाब नहीं होने देंगे : रिजिजू

**नई दिल्ली :** विपक्ष ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास का नोटिस दिया है। इस बीच बुधवार को राज्यसभा की कार्यवाही एक बार फिर हंगामे के बीच शुरू हुई और थोड़ी ही देर में हंगामा इतना बढ़ गया कि राज्यसभा की कार्यवाही को दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित करना पड़ा। गौरतलब है कि पिछले तीन कार्य दिवसों से राज्यसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच लगातार जबरदस्त गतिरोध बना हुआ है। इस गतिरोध के कारण सदन की कार्यवाही नहीं चल पा रही है।



बुधवार को संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सदन में हो रहे हंगामे के बीच कहा कि भारतीय लोकतंत्र में 72 साल बाद एक किसान का बेटा उपराष्ट्रपति के पद पर पहुंचा हैं, इस देश की सेवा करने का काम किया है। पूरा देश देख रहा है कि उपराष्ट्रपति ने राज्यसभा के सभापति के रूप में कैसे इस सदन की गरिमा को बनाए रखा है। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि आप लोगों ने बाहर जाकर, विभिन्न कार्यक्रमों में उपराष्ट्रपति का नाम लेकर बे-मतलब के आरोप लगाए हैं। उन्होंने विपक्षी सांसदों से कहा कि अगर आप सभापति को सम्मान नहीं दे सकते हैं तो आप इस सदन के सदस्य होने के लायक नहीं हैं।

किरेन रिजिजू ने कहा कि हम मंत्री के रूप में इस देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने की शपथ लेकर आए हैं। उन्होंने कहा कि यदि आप उपराष्ट्रपति पद की गरिमा पर हमला करेंगे तो हम जरूर उसका बचाव करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और जार्ज सोरोस के बीच संबंधों को लेकर जो बात आ रही है वह हमने नहीं कहीं, यह बात अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट में कही गई है। उन्होंने कहा कि जो बात जार्ज सोरोस बोलते हैं आप लोग भारत में वही बात बोलते हैं। उन्होंने कहा कि आप भारत विरोधियों के साथ खड़े रहते हो। उन्होंने कहा कि आप सभापति के खिलाफ नोटिस देते हो ऐसा सभापति मिलना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि सभापति ने सदैव किसानों, गरीबों की बात की है। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि जगदीप धनखड़ सभापति के रूप में इस चेयर पर आसीन है, हमें इस बात का गर्व है। उन्होंने कहा कि सभापति के खिलाफ इस प्रकार के नोटिस की कार्रवाई को हम कभी कामयाब नहीं होने देंगे। किरेन रिजिजू के उपरांत पूर्व प्रधानमंत्री व जेडीएस के राज्यसभा सांसद एचडी देवगौड़ा ने भी विपक्ष द्वारा राज्यसभा सभापति के खिलाफ दिए गए अविश्वास प्रस्ताव का विरोध किया। इसके जवाब में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा विपक्ष के लोग संविधान का सम्मान करते हैं। उन्होंने भाजपा और सत्ता पक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि ये लोग अंबेडकर का संविधान बदलना चाहते हैं। उन्होंने सत्ता पक्ष पर संविधान के खिलाफ काम करने का आरोप लगाया।

## रेलवे ओवरब्रिज निर्माण स्थल पर अपराधियों ने की फायरिंग, गैंगस्टर के नाम का छोड़ा पर्चा

**रामगढ़:** जिले के पतरातू रेलवे फाटक के निकट रेल ओवरब्रिज कंस्ट्रक्शन साईट पर निर्माण कार्य में लगी पोकलेन मशीन पर बाइक सवार दो अपराधियों ने फायरिंग कर दी. साथ ही अपराधियों ने गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव के नाम का पर्चा भी फेंका, जिसमें बिना इजाजत काम नहीं करने की चेतावनी दी गई थी. घटना की सूचना पर पतरातू एसडीपीओ घटनास्थल पर पहुंची और आगे की जांच में जुट गई है। दरअसल, पतरातू थाना क्षेत्र में भुरकुंडा-सौंदा बस्ती-पतरातू मुख्य मार्ग पर रेलवे फाटक के निकट रेल ओवरब्रिज का निर्माण चल रहा है. यह काम एक निजी कॉन्ट्रैक्टर के द्वारा कराया जा रहा है. इस दौरान देर शाम दो बाइक सवार अपराधी निमार्णाधीन स्थल पर पहुंचे और निर्माण कार्य में लगी पोकलेन मशीन पर दो राउंड फायरिंग कर फरार हो गए. साथ ही अपराधियों ने एक पर्चा भी फेंका, जिसमें अमन श्रीवास्तव गिरोह को मैनेज करने अन्यथा काम को बंद करने की चेतावनी दी है. गोलीबारी की घटना के बाद निमार्णाधीन स्थल पर सन्नाटा पसरा हुआ है। घटना की जानकारी के बाद पतरातू पुलिस घटनास्थल पर पहुंची. इसके बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए पतरातु एसडीपीओ पवन कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की छानबीन की. इस दौरान घटनास्थल पर से एक जिंदा कारतूस और एक खोखा बरामद किया गया. साथ ही निर्माण स्थल पर मौजूद कंपनी के कर्मचारियों से भी घटना के संबंध में जानकारी ली। पतरातू एसडीपीओ पवन कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद इस पूरे मामले की छानबीन के लिए टीम बनायी गई है. गोलीबारी की घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों की पहचान के लिए पुलिस टेक्निकल टीम और अपराधी के आने-जाने वाले रास्ते में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है।



## नए साल से शुरू होगा भगवान बिरसा मुंडा टूरिस्ट सर्किट का काम, 40 करोड़ रुपए होंगे खर्च

मेट्रो रेज

**खूंटी:** नए साल में राज्यवासियों को भगवान बिरसा मुंडा टूरिस्ट सर्किट के रूप में एक सौगात मिलने जा रही है. भगवान बिरसा मुंडा का देश व राज्य के प्रति योगदान भुलाया नहीं जा सकता, इसलिए आम लोगों को उनके बारे में बताने के लिए भगवान बिरसा मुंडा टूरिस्ट सर्किट का निर्माण होना है. इसकी सभी प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैं. अगले एक माह में इससे संबंधित कार्य प्रारंभ कर दिए जाएंगे। केंद्रीय जनजातीय मंत्रालय से स्वीकृत, इस योजना में करीब 40 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे. भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू से लेकर डोंबारी बुरू, चलकद, एटकेडीह, बीरबांकी बाजार व खूंटी थाना हाजत को टूरिस्ट सर्किट के रूप में जोड़ कर विकास कार्य किए जाएंगे, ताकि बिरसा के कार्यों व उनके योगदानों को आज की पीढ़ी करीब से देख पाए। इसके साथ ही भगवान बिरसा से जुड़ी डाक्यूमेंट्री भी तैयार कराई जाएगी. जिला प्रशासन इन क्षेत्रों में जाने के लिए दो टूरिस्ट बसों की भी व्यवस्था कराएगी, ताकि बाहर से आने वाले टूरिस्ट आसानी से इन बसों के माध्यम से टूरिस्ट सर्किट का भ्रमण कर सके. इतना ही नहीं बिरसा से संबंधित गांवों के युवाओं को प्रशिक्षित कर आवश्यकतानुसार टूरिस्ट गाइड के रूप में तैनात कि जाएगा, ताकि आने वाले टूरिस्ट को गाइड कर सकें। बता दें कि इसी साल लोकसभा चुनाव से पहले इस योजना का शिलान्यास पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा कर चुके हैं. चुनावी वर्ष होने के कारण योजना को मूर्त रूप लेने में कुछ देरी हुई. भगवान बिरसा मुंडा टूरिस्ट सर्किट में मुख्यतः जिन 6 गांवों को जोड़ा गया है, उनमें उलिहातू, डोंबारी बुरू, चलकद, एटकेडीह, बीरबांकी बाजार, खूंटी थाना हाजत शामिल है। इन गांवों में बिरसा मुंडा की चहलकदमी से लेकर कैसे और कब कब अंग्रेजी हुकूमतों के खिलाफ उलगुलान किया गया, सब बताया जाएगा, इसके साथ ही उनके योगदान को लेकर म्यूजियम, डक्यूमेंट्री, आने वाले टूरिस्ट के लिए ऑडिटोरियम समेत कई कार्यों को धरातल पर उतारा जाएगा. सबसे खास यह है कि बीरबांकी बाजार परिसर को भी इस सर्किट के तहत अलग तरीके से विकसित किया जाना है. इस बाजार में बिरसा मुंडा का हमेशा आना जाना रहता था। खूंटी थाना हाजत को भी इस सर्किट में शामिल किया गया है. अंग्रेज अफसरों ने एक बार बिरसा मुंडा को गिरफ्तार कर इसी हाजत में रखा था।



न्यूज ब्रीफ



## जिस इलाके में अफीम की खेती होगी, वहां के थानेदार पर होगी कार्रवाई : डीआईजी

**खूंटीः** जिला पुलिस इन दिनों अफीम को लेकर सख्त दिख रही है। अफीम तस्कर पर नकेल कसने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा लगातार बैठक की जा रही है। पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक के निर्देश पर दक्षिणी छोटानागपुर प्रक्षेत्र के डीआईजी अनूप बिरथरे खूंटी पहुंचे। उन्होंने खूंटी थाना परिसर में पुलिस अनुमंडल थाना क्षेत्रों के पुलिस अफसरों के साथ बैठक की।

इस दौरान अफीम की खेती का विनष्टीकरण, अफीम की खेती के खिलाफ की जाने वाली कार्रवाई और एनडीपीएस से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा की। साथ ही डायल 112, महिला थाना में महिलाओं के खिलाफ अपराध, जगरूकता और कोर्ट सुरक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में डीआईजी अफीम की खेती के प्रति काफी सख्त नजर आए।

उन्होंने कहा कि अफीम की खेती को लेकर खूंटी जिला समेत जिला पुलिस की बदनामी हो रही है। इसलिए अफीम पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। डीआईजी ने साफ शब्दों में कहा कि जिन थाना क्षेत्रों में अफीम की खेती होगी, वहां के थानेदार के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। बैठक के बाद डीआईजी खूंटी कोर्ट कैंपस जाकर वहां के सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। यहां सुरक्षा व्यवस्था देखकर खूंटी एसपी की तारीफ की। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमन कुमार, एसडीपीओ वरूण रजक, इंस्पेक्टर समेत मारंगहादा, खूंटी, अड़की, मुरहू थाना के प्रभारी समेत एनडीपीएस एक्ट के अनुसंधानकर्ता समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पाकुड़ में सड़क दुर्घटना में एक की मौत, चार लोग घायल



**पाकुड़ः** जिला के हिरणपुर मुख्य सड़क में मंगलवार देर रात को दो अलग अलग सड़क दुर्घटना में पांच व्यक्ति घायल हो गए। सभी घायलों को नगर थाना की पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल भिजवाया। इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि चार घायलों की स्थिति नाजुक बनी हुई है। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देख घायलों को बेहतर इलाज के लिए अन्यत्र भेज दिया।

स्थानीय लोगों और प्रत्यक्षदर्शियो से मिली जानकारी के मुताबिक धनुषपूजा मोहल्ले के निकट मुख्य सड़क पर दो बाइक भीड़ जाने से चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी नगर थाना की पुलिस एवं एंबुलेंस सेवा को दी। एंबुलेंस के विलंब से पहुंचने के कारण स्थानीय लोगों ने एक ऑटो में चारों घायलों को अस्पताल ले जा रहा था कि एंबुलेंस, नगर थाना की पुलिस और डायल 100 सेवा में मौजूद पुलिस पहुंची और ऑटो को रोककर एंबुलेंस से सभी घायलों को अस्पताल ले गयी।

वहीं दूसरी घटना उपायुक्त आवास के निकट बाइक से गिरकर एक व्यक्ति घायल हो गया। सूचना मिलते ही गश्ती दल में शामिल पुलिस अधिकारी व जवान पहुंचे और उसे अपने साथ अस्पताल ले गयी। इधर पांचों घायलों का इलाज सदर अस्पताल में डॉ। प्रेम द्वारा शुरू किया गया इस दौरान एक युवक की मौत हो गयी। फिलहाल घायल और मृत व्यक्ति की पहचान नहीं हो पायी है।

पाकुड़ सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ। प्रेम ने बताया कि घायलों में से एक युवक की मौत हो गयी जबकि चार अन्य की स्थिति नाजुक बनी हुई है। वहीं सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ। मनीष ने बताया कि गंभीर रूप से घायलों को बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर किया जाएगा। वहीं नगर थाना के सहायक अवर निरीक्षक उमर फारूक ने बताया कि घायल और मृतकों की पहचान कर उसके परिजनों को सूचना दी जाएगी। उन्होंने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त बाइक को जब्त कर थाना में लाया गया है।

## 68वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिताः फुटबॉल



## इवेंट में झारखंड की बालिका टीम बनी चैंपियन

**रांचीः** हॉकी के लिए मशहूर झारखंड की बेटियां अब फुटबॉल प्रतियोगिता में भी राज्य का नाम रौशन कर रही हैं। 68वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता में झारखंड की बेटियों ने जीत का डंका बजा दिया है। जम्मू कश्मीर में 6 दिसंबर से शुरू अंडर 17 बालिका वर्ग के अंतर्गत, राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की बालिका टीम ने बाजी मारी और राज्य का नाम रौशन करते हुए इस बार चैंपियन बनी।

झारखंड की टीम ने हरियाणा को 1-0 से हराकर चैंपियन का खिताब अपने नाम कर लिया है। दोनों टीमों ने बहुत अच्छे खेल का प्रदर्शन किया, पूरे मैच में हरियाणा की टीम एक भी गोल नहीं कर पाई और झारखंड की ओर से अनुष्का कुमारी ने ही निर्णायक गोल दागा। झारखंड की बालिका टीम के कोच इमरान खान और मैनेजर बिंदू कुजूर ने बखूबी अपनी भूमिका निभाई। झारखंड की इस शानदार जीत पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, स्कूली शिक्षा विभाग के मंत्री रामदास सोरेन, विभागीय सचिव उमाशंकर सिंह, राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक शशि रंजन समेत अन्य पदाधिकारियों ने टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

**गुरुवार को रांची लौटेगी टीम :** राज्य शिक्षा परियोजना की ओर से बताया गया है कि 68वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत अंडर 17 बालिका वर्ग फुटबॉल चैंपियन टीम 12 दिसंबर को रांची लौटेगी। टीम के स्वागत के लिए विशेष तैयारी भी करली गई है। बालिका टीम के सम्मान में स्वागत समारोह का भी आयोजन किया जाएगा।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ आक्रोश रांची में सर्व सनातन समाज ने निकाली रैली

मेट्रो रेज

**रांचीः** बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार और ह्यूमन राइट उल्लंघन के विरोध में सनातन समाज की ओर से मंगलवार को आक्रोश रैली निकाली गई। रांची के मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिका से निकली रैली में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। हाथों में सनातनी झंडा और तख्तियां लेकर राजभवन तक आक्रोश मार्च निकाला गया।

राजभवन पहुंचने के बाद एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मिलकर ज्ञापन सौंपा। आक्रोश मार्च के दौरान लोगों ने बांग्लादेशी हिन्दू संघर्ष करो, चिन्मय दास को रिहा करो के नारे लगाए। आक्रोश मार्च में बड़ी संख्या महिलाएं भी शामिल थीं।



**बांग्लादेश के हिंदुओं के साथ भारत का सनातन समाज :** इस मौके पर हटिया से भाजपा विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि बांग्लादेश में तख्ता पलट के बाद कट्टरपंथी हावी हो गए हैं। अब बांग्लादेश में लगातार हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है। हिंदुओं को मारा-पीटा जा रहा है। अल्पसंख्यकों की रक्षा करना वहां की सरकार की जिम्मेदारी होती है। पाकिस्तान में भी हिन्दू धर्म के लोगों की आबादी मुट्ठी भर बच गई है। बांग्लादेश में 8 से 10 प्रतिशत आबादी हिन्दुओं की ही। फिर भी वहां वे खौफ में जी रहे हैं।

विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि बांग्लादेश के हिन्दू भाई-बहनों के संघर्ष में भारत का सनामत समाज साथ खड़ा है। इसलिए रांची में आक्रोश रैली निकाली गई है। वहां की सरकार को इसपर एक्शन लेना चाहिए। भारत में अल्पसंख्यक समाज पूरी तरह सुरक्षित है लेकिन पड़ोसी देश में अल्पसंख्यक पर अत्याचार हो रहा है। वहीं आक्रोश रैली का नेतृत्व कर रहे दिव्यानंद जी महाराज ने कहा कि अब घरों में सोए लोग घरों से बाहर निकल रहे हैं। लोगों में जोश दिख रहा है। हिन्दू जागा है। अब बांग्लादेश को शांत करके रहेंगे।

**राजभवन के पास सनातन समाज की सभा :** आक्रोश मार्च राजभवन पहुंचकर एक सभा में तब्दील हो गई। आक्रोश सभा का संचालन विजय कुमार ने किया। इस मौके पर सभा को प्रान्त मंत्री विश्व हिंदू परिषद के मिथलेश्वर मिश्र ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार को देखकर वेदना होती है। इससे हम सभी आक्रोशित हैं। हिन्दू समाज बसुधैव कुटुम्बकम में विश्वास करने वाले संप्रदाय है। हम सभी अहिंसा के पुजारी हैं लेकिन जब हमें उकसाया जाता है तो हम इसका विरोध करते हैं।

वहीं इस्कॉन के सदस्य प्रकाश ने उपस्थित जनसमूह से हिंदुओं को जागने का आह्वान किया और बांग्लादेश में हो रहे क्रूरता के खिलाफ एकजुट होने पर बल दिया। वहीं विद्यार्थी परिषद के संगठन मंत्री याज्ञवल्क्य ने कहा कि बांग्लादेश के उदय में लाखों भारतीयों ने अपनी शहादत दी थी। लेकिन आज उनके साथ अत्याचार हो रहा है। आज बांग्लादेश में एक विचार पनप गया है कि जिसकी आबादी ज्यादा होगी वह कम आबादी वाले समाज के लोगों को जिंदा रहने नहीं देंगे। भारत एक संवेदनशील देश है। दुनिया में जहां कहीं भी लोगों के साथ अत्याचार होता है भारत अत्याचार के खिलाफ उनके साथ खड़ा होता है।

**क्या है सनातन समाज की मांगें :** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार तत्काल बंद हो, इस्कॉन के सन्यासी चिन्मय कृष्ण दास को अन्यायपूर्ण कारावास से मुक्त कराया जाए, बांग्लादेश के हिंदुओं सहित अल्पसंख्य कों के तहत उन्हें उनके मानवाधिकार की रक्षा एवं सुरक्षा अविलंब सुनिश्चित की जाए।

**राज्यपाल ने व्यक्त की गहरी चिंता :** वहीं राज्यपाल संतोष गंगवार ने इस विषय पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा सर्वसमाज को इसका समर्थन करना चाहिए। कुछ लोग/समूह इस मुद्दे का विरोध कर रहे हैं जो नहीं होना चाहिए। उन्होंने आश्वस्त किया कि वो अपने संज्ञान में इस विषय को राष्ट्रपति को भेजेंगे और अपने स्तर से आवश्यक ठोस कदम उठाएंगे। साथ ही साथ उन्होंने मुख्यमंत्री को भी ज्ञापन देने को कहा है, ताकि राज्य सरकार भी इस ज्वलंत मुद्दे पर प्रभावी कदम उठाए।

**आक्रोश रैली में ये संगठन थे शामिल :** आक्रोश रैली में चिन्मय मिशन, अखिल भारतीय संत समाज समिति, मेन रोड गुरुद्वारा, श्वेताम्बर जैन समाज, बौद्ध समाज, आदिवासी समाज, बंगाली एसोसिएशन, जनजाति विकास परिषद, विद्यार्थी परिषद, विश्व हिंदू परिषद, एकल विद्यालय, वनवासी कल्याण केंद्र के कार्यकर्ता सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।

## एक्शन में रांची डीसी! अंचलाधिकारी को शो-कॉज, वेतन रोकने का दिया निर्देश



मेट्रो रेज

**रांचीः** जिला उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री फुल फॉर्म में हैं। ब्लॉक स्तर के सिस्टम को दुरुस्त करने में जुटे हुए हैं। मंगलवार की शाम करीब 04:30 बजे अचानक प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंच गये। उन्होंने बायोमेट्रिक अटेंडेंस मंगवाकर पदाधिकारियों और कर्मियों की उपस्थिति की जांच की। प्रखंड कार्यालय में बारी-बारी से सभी कर्मियों की उपस्थिति जांचने के बाद उन्होंने बीडीओ को अनाधिकृत रुप से अनुपस्थित कर्मियों पर नियम संगत कार्रवाई करने के निर्देश दिया।

अंचल कार्यालय के निरीक्षण के दौरान अंचल अधिकारी जय कुमार अनुपस्थित पाए गए। उनकी अनुपस्थिति से जुड़ा संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने पर उन्होंने अंचलाधिकारी को शो-कॉज करने और वेतन रोकने का निर्देश दे दिया। उन्होंने कांके अंचल के अमीन रामलाल महतो के 9 और 10 दिसंबर 2024 को हेहल अंचल में कार्य किये जाने को सत्यापित करवाने का भी निर्देश दिया।

रांची उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने प्रखंड और अंचल के लॉग बुक, आगत-निर्गत पंजी, रोकड़ पंजी, संचिका, जनशिकायत, पेंशन रिकॉर्ड की जांच की। अबुआ आवास का लक्ष्य और कार्य प्रगति की जानकारी लेते हुए उन्होंने त्वरित गति से आवास पूर्ण करवाने के निर्देश दिये। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में म्यूटेशन के लंबित मामलों की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने जल्द से जल्द मामलों का निष्पादन करने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी को इस बात का ख्याल रखना है कि आमजनों को बेवजह कार्यालय का चक्कर न काटना पड़े।

प्रदेश के साथ साथ जिला में बढ़ते ठंड को देखते हुए उपायुक्त ने कांके प्रखंड के प्रमुख स्थानों पर अलाव की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस बात भी ध्यान रखें कि ठंड में रात्रि में कोई भी खुले जगह में न रहे। उन्होंने प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर स्थित सीडीपीओ, बीएसओ, बीपीओ, सीएससी सहित अन्य पदाधिकारियों/कर्मियों के कार्यस्थल का निरीक्षण करते हुए समुचित साफ-सफाई के निर्देश दिये। प्रखंड शाह अंचल ऑफिस की व्यवस्था देखने के बाद रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कांके के पहुंच गए। यहां उन्होंने सभी पालियों में चिकित्सकों/कर्मियों की उपस्थिति की जांच करते हुए सभी को समय पर उपस्थित रहने का निर्देश दिया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद एंबुलेंस की भी जांच की और ऑक्सीजन की उपलब्धता की जानकारी ली।

## खूंटी में पीएलएफआई का दो हार्डकोर नक्सली गिरफ्तार, लेवी की राशि का हिसाब करने जुटे थे दोनों



**खूंटीः** पीएलएफआई के दो हार्डकोर नक्सलियों को खूंटी पुलिस ने कर्रा थाना क्षेत्र के पलसा गांव के समीप से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों के नाम संदीप प्रामाणिक और धनेश्वर महली हैं। व्यापारियों से वसूली गई लेवी का हिसाब करने जूट थे दोनों। गिरफ्तार दिनों नक्सलियों पर आरोप है कि एक दिसंबर की देर रात को लोधमा स्थित रेलवे क्रॉसिंग के अंडरपास पुलिया निर्माण स्थल पर गाड़ियां में आगजनी का प्रयास और पंपलेट चस्पा कर रंगदारी की मांग कर दहशत फैलाने का काम किया था। इस मामले में पूर्व में एक नक्सली को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है।

एसपी अमन कुमार को मिली सूचना पर डीएसपी के नेतृत्व में? टीम का गठन कर त्वारित कार्रवाई करते हुए घटना में संलिप्त पीएलएफआई नक्सली संदीप प्रमाणिक को गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर पलसा गांव से उसके सहयोगी धनेश्वर महली उर्फ दाने उर्फ धन्नजय को ठेकेदारों एवं व्यापारियों से वसूले गए लेवी के 72,500 रूपया, 3 मोबाइल फोन एवं एक स्कार्पियो और नक्सली पर्चा के साथ गिरफ्तार किया गया।

साथ ही संदीप प्रमाणिक की निशानदेही पर पलसा स्थित उसके घर से आठ जिंदा गोली भी बरामद किया गया। दोनों नक्सली खूंटी व रांची में पीएलएफआई नक्सली संगठन के लिए सक्रिय सदस्य है। गिरफ्तार धनेश्वर महली रांची जिले के इटकी थाना क्षेत्र के रानीडीह गांव का निवासी है, जबकि संदीप प्रमाणिक कर्रा थाना क्षेत्र के पलसा गांव का निवासी है।

डीएसपी ख्रिस्टोफर केरकेट्टा ने कर्रा थाना में एक प्रेस ब्रीफ कर गिरफ्तारी का खुलासा किया है। उन्होंने बताया को दोनों अभियुक्त पीएलएफआई संगठन से जुड़कर और एक टीम बनाकर खूंटी सहित रांची और अन्य जिलों में चल रहे विकास कार्यो से जुड़े ठेकेदार, व्यापारी एवं जमीन माफियाओं से फोन एवं व्हाट्सएप के जरिये रंगदारी की मांग करते थे और नहीं देने पर स्थल पहुंच आगजनी सहित पंपलेट चस्पा कर दहशत फैलाते थे। पूर्व में इन लोगों का एक सहयोगी को गिरफ्तार किया जा चुका है और इनके अन्य सहयोगियों की तलाश जारी है।

## हजारीबाग में स्टूडेंट्स पर लाठीचार्ज! प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने पुलिस पर किया पथराव

**मंगलवार को हजारीबाग बंद को लेकर छात्रों ने जमकर बवाल काटा है। अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत छात्रों ने हजारीबाग बंद का ऐलान किया था। इस बाबत छात्रों ने एसडीओ ऑफिस को सूचना भी दी थी। छात्रों ने शहर में जहां विभिन्न दुकानों को निशाना बनाया तो दोपहर 1:20 बजे ठल्-33 जाम कर दिया और लगभग 4 घंटे तक छात्रों ने एनएच को जाम रखा।**

**हजारीबागः** जेएसएससी सीजीएल परीक्षा परिणाम को रद्द करने के लिए आंदोलन कर रहे छात्रों पर हजारीबाग पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए लाठीचार्ज किया है। वहीं उग्र छात्रों ने पुलिस पर जमकर पथराव किया है। जिसमें एक दर्जन से अधिक गाड़ी क्षतिग्रस्त हुई हैं, जो गाड़ी क्षतिग्रस्त हुई है उसमें पुलिस की गाड़ी और पब्लिक ट्रांसपोर्ट भी शामिल है।

मंगलवार को हजारीबाग बंद को लेकर छात्रों ने जमकर बवाल काटा है। अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत छात्रों ने हजारीबाग बंद का ऐलान किया था। इस बाबत छात्रों ने एसडीओ ऑफिस को सूचना भी दी थी। छात्रों ने शहर में जहां विभिन्न दुकानों को निशाना बनाया तो दोपहर 1:20 बजे ठल्-33 जाम कर दिया और लगभग 4 घंटे तक छात्रों ने एनएच को जाम रखा।

इस दौरान प्रशासन के समझने के बावजूद छात्र इस बात को लेकर अड़े रहे कि परीक्षा परिणाम रद्द किया जाए। जब स्थिति बिगड़ी हुई देखी तो प्रशासन ने लाठीचार्ज करते हुए भीड़ को तितर-बितर किया। लगभग आधे घंटे तक पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए भीड़ को तितर-बितर किया। वहीं उग्र छात्रों ने इस दौरान जमकर पथराव किया। जिसमें एक दर्जन से अधिक गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गयीं, जिसमें पुलिस की गाड़ी भी शामिल हैं। यही नहीं जाम में फंसे बस और छोटे चार पहिया गाड़ी को भी निशाना बनाया गया।

इस दौरान पुलिस ने आंसू गैस का भी इस्तेमाल किया। घटनास्थल पर एसडीओ सदर अशोक कुमार, एडिशनल एसपी अमित कुमार पांच थाना के थाना प्रभारी भी घटनास्थल पर मौजूद रहे। इस हंगामे को देखते हुए मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल भी तैनात की गई।

इस घटना पर हजारीबाग सदर एसडीओ अशोक कुमार ने कहा कि बहुत समझाने के बावजूद स्थिति नियंत्रण के बाहर गई तब भीड़ को खदेड़ने के लिए हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। छात्रों की ओर से भी पथराव किया गया है। उन्होंने कहा कि इस आंदोलन को उदय कुमार मेहता और बरकट्ठा के महेंद्र यादव की अगुवाई में की जा रही थी। आगे विधि-सम्मत कार्रवाई भी की जाएगी।

इस घटना की जानकारी मिलने के बाद रांची से विधानसभा सत्र से हिस्सा लेने के बाद विधायक प्रदीप प्रसाद भी भारत माता चौक पहुंचे और छात्रों को समझने की कोशिश की। लेकिन छात्र इस बात को लेकर अड़े रहे कि परीक्षा परिणाम अविलंब रद्द किया जाए। जब स्थिति अनियंत्रित हुई तब सदर विधायक प्रदीप प्रसाद की घटनास्थल से निकाल गए।

विधायक ने कहा कि छात्रों की मांग जायज है, उनके साथ अन्याय तो हुआ है और परीक्षा परिणाम रद्द भी होना चाहिए। जिस तरह से आंदोलन किया जा रहा है और सड़क जाम है यह सरासर गलत है। आने वाले दिनों में विधानसभा सत्र के दौरान भी यह मामला उठाया जाएगा। इस दौरान उन्होंने अफसोस जाहिर किया और कहा कि छात्रों ने उनकी बात भी नहीं मानी।

**छात्र आंदोलन से लगा लंबा जाम :** मंगलवार को शहर में लगभग 4 घंटे तक एनएच-33 भारत माता चौक के पास छात्र हजारीबाग बंद का ऐलान करते हुए सड़क पर ही धरने पर बैठे रहे। इस दौरान जाम की स्थिति ऐसी बन गई कि चरही तक सैकड़ों गाड़ियां जाम में फंसी रहीं। इस दौरान स्कूल की बसें भी प्रभावित हुई। जिससे बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। दूसरी ओर नगवां टोल प्लाजा तक जाम पहुंच गई। चुंकि लगन का समय चल रहा है तो ऐसे में बाराती गाड़ी भी जाम में फंसी रही। इस जाम के कारण राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। दूसरी ओर आंदोलन कर रहे छात्रों का कहना है कि इस पूरे परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक हुआ है। इस कारण परीक्षा रद्द होना चाहिए। अगर परीक्षा परिणाम देखा जाए तो 21 तारीख को जो परीक्षा हुआ है उसमे मात्र 82 लोग पास किए हैं। वहीं 22 तारीख को जो परीक्षा हुआ, उसमें 2178 परीक्षार्थी पास किए हैं। यह भी स्पष्ट करता है की परीक्षा में घोर अनियमितता करते हुए सीटों को बेच दिया गया है। बता दें कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए हैं। इस भर्ती अभियान का लक्ष्य कुल 2,025 पदों को भरना है। दस्तावेज सत्यापन 16 दिसंबर से 20 दिसंबर तक होगा।



## खूंटी में मनाया गया मानव अधिकार दिवस, स्कूल के बच्चों को अधिकार और कानून की दी गई जानकारी

**खूंटीः** झालसा रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेस कुमार के मार्गदर्शन में मंगलवार को आदिम जाति सेवा मंडल विद्यालय डूमरदगा खूंटी में अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने कहा कि आज के दिन को इसलिए खास माना जाता है क्योंकि इसी दिन हर व्यक्ति को कुछ मूलभूत अधिकार देने की घोषणा की गई थी।

लोगों को भेदभाव से बचाने और उनके जीवन को सम्मानजनक और बेहतर बनाने के लिए इसकी शुरूआत की गई थी। मानव अधिकार दिवस हमें याद दिलाता है कि सभी मनुष्य समान हैं और सभी को समान अधिकार प्राप्त हैं। यह दिन हमें उन लोगों के बारे में सोचने और उनके लिए काम करने का अवसर देता है, जिन्हें अपने अधिकार नहीं मिल पाते हैं। यह दिन हमें यह भी याद दिलाती है कि हमें अपने अधिकारों के लिए लड़ना चाहिए और दूसरों के अधिकारों का सम्मान भी करना चाहिए।

मानव अधिकार के बिना हम स्वस्थ समाज एवं राष्ट्र की कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। मानव जीवन को सही ढंग से जीने के लिए यह मानव अधिकार सबके लिये अत्यंत ही आवश्यक है। इस कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता मदन मोहन राम, सीनी संस्था के अधिकारी अमित कुमार, पीएलवी जकरियस मुंडा, कुमार सौरभ, अंजनी कुमारी, आदिम जाति सेवा मंडल विद्यालय डूमरदगा के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# झारखंड में पड़ेगी कड़ाके की ठंड, 5 दिनों तक सभी जिलों में गिरेगा तापमान

मेट्रो रेज

**रांची :** झारखंड में ठंडी हवाओं के साथ तापमान लगातार गिर रहा है. इसमें अभी और गिरावट की संभावना है. कम से कम 3 डिग्री तक और तापमान में गिरावट आएगी, ऐसा भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा है. राज्य का न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री सेंटीग्रेड पहुंच गया है. अधिकतम तापमान अभी 27.6 डिग्री सेल्सियस है.



**रांची का न्यूनतम तापमान 9.5 डिग्री :** राजधानी रांची का न्यूनतम तापमान 9.5 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है. पिछले 24 घंटे के दौरान जमशेदपुर के अधिकतम तापमान में 6 डिग्री की वृद्धि हुई है. राजधानी रांची के अधिकतम तापमान में 2.4 डिग्री, डाल्टेनगंज में 1.4 डिग्री और बोकारो में 3.6 डिग्री की वृद्धि हुई है. न्यूनतम तापमान की बात करें, तो रांची में 3.9 डिग्री सेल्सियस, जमशेदपुर में 3.4 डिग्री, डाल्टेनगंज में 2.7 डिग्री और बोकारो में 3.1 डिग्री सेंटीग्रेड की गिरावट दर्ज की गई है.

**चाईबासा का उच्चतम तापमान सबसे अधिक 27.6 डिग्री :** अधिकतम तापमान में वृद्धि के बाद रांची का उच्चतम तापमान 22.4 डिग्री सेंटीग्रेड, जमशेदपुर का 26.7 डिग्री, डाल्टेनगंज का 25.2 डिग्री, बोकारो का 23.1 डिग्री और चाईबासा का 27.6 डिग्री सेंटीग्रेड रिकॉर्ड किया गया है. रांची का न्यूनतम तापमान 9.5 डिग्री, जमशेदपुर का 11.8 डिग्री, डाल्टेनगंज का 9.9 डिग्री, बोकारो का 10.1 डिग्री और चाईबासा का न्यूनतम पारा 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

**गढ़वा का न्यूनतम तापमान राज्य में सबसे कम :** राज्य में सबसे कम न्यूनतम तापमान गढ़वा में दर्ज किया गया है, जबकि चाईबासा का उच्चतम तापमान राज्य में सबसे ज्यादा है. चाईबासा का उच्चतम तापमान 27.6 डिग्री और गढ़वा का न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया है. मौसम विभाग ने अगले 4 दिन के मौसम का पूर्वानुमान जारी किया है, जिसमें कहा है कि सुबह में हल्का कोहरा या धुंध छाया रहेगा. बाद में आसमान साफ हो जाएगा।



## साइकिल से भारत भ्रमण पर निकला युवक पहुंचा गिरिडीह, पर्यावरण संरक्षण का दे रहा संदेश

**गिरिडीह:** उत्तर प्रदेश का एक युवक इन दिनों झारखंड में घूम-घूमकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहा है. युवक पर्यावरण संरक्षण का पैगाम लेकर संपूर्ण भारत साइकिल यात्रा पर निकला है. इस क्रम में युवक मंगलवार को गिरिडीह के बगोदर पहुंचा. युवक ने बगोदर में आम लोगों से मुलाकात की और पर्यावरण संरक्षण के लिए बड़े पैमाने पर पौधरोपण करने की अपील की है. साथ ही प्रकृति प्रदत जंगलों को उजड़ने से बचाने के लिए भी जागरूक किया.

भारत भ्रमण पर निकले युवक सूर्यकांत मिश्रा से बगोदर में ईटीवी भारत संवाददाता ने बातचीत की. इस क्रम में सूर्यकांत ने बताया कि पर्यावरण का संतुलन दिनों-दिन बिगड़ता जा रहा है. बड़े पैमाने पर जंगलों का दोहन और कल-कारखानों की स्थापना के कारण ऐसा हो रहा है. पर्यावरण का संतुलन बिगड़ने का असर भी दिखने लगा है. कहीं अल्पवृष्टि तो कहीं बाढ़ जैसे हालत बन रहे हैं. ऐसे में जरूरत है पर्यावरण संरक्षण को लेकर बड़े पैमाने पर पौधरोपण करने की. साथ ही प्रकृति प्रदत जंगलों को उजड़ने से बचाने की और प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की.

सूर्यकांत मिश्रा ने बताया कि वे भारत भ्रमण के लिए 12 नवंबर को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर अंतर्गत कुशीनगर से निकले हैं. रोजाना 50 से 60 किलोमीटर की यात्रा साइकिल से तय करते हैं. उन्होंने बताया कि बिहार में जागरुकता अभियान पूरा करने के बाद झारखंड में अभियान चला रहा हूं. सूर्यकांत ने बताया कि उनका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक करना है.

सूर्यकांत ने बताते हैं कि इस अभियान के दौरान वे शैक्षणिक संस्थानों , बाजार, हाट आदि स्थानों पर भी जाकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करते हैं. उन्होंने कहा कि हमें अभी से ही पर्यावरण संरक्षण के लिए सजग होनी चाहिए, अन्यथा भविष्य में इसका और भी बुरा असर देखने को मिलेगा।

## झारखंड विस विशेष सत्र : सदन में 11697 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश

**रांची :** झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के तीसरे दिन राज्यपाल के अभिभाषण के बाद वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सदन में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 11697.45 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश किया. इसमें सबसे अधिक महिला बाल विकास विभाग के लिए 6390.55 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है. इसके बाद ऊर्जा विभाग के लिए 2577.92 करोड़, गृहकारा विभाग के लिए 445.96 करोड़, माध्यमिक शिक्षा के लिए 301.89 करोड़ और प्राथमिक शिक्षा के लिए 272.80 करोड़ का प्रावधान है. अनुपूरक बजट पेश होने के बाद इसके बाद सदन की कार्यवाही 12 दिसंबर सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी. अब 12 दिसंबर को राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव, वाद-विवाद सरकार का उत्तर और विश्वास मत हासिल करने की प्रक्रिया पूरी की जायेगी।

## विस के बाहर धरने पर बैठे मांडू विधायक निर्मल महतो

**रांची :** झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र का आज तीसरा दिन है. सदन शुरू होने से पहले विधानसभा के बाहर आजसू के मांडू विधायक निर्मल महतो धरने पर बैठे हो गये है। विधायक निर्मल महतो जेएसएससी सीजीएल परीक्षा की सीबीआई जांच करने और हजारीबाग में परीक्षा रद्द करने को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज की भी जांच करने की मांग कर रहे हैं।

## बाइक सवार अपराधियों ने हत्याकांड के आरोपी को मारी गोली, अस्पताल में भर्ती

**पलामू:** जिले के मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र के मुस्लिम नगर में बाइक सवार अपराधियों ने हत्याकांड के एक आरोपी को गोली मार दी है. गोली युवक के बांह के ऊपरी हिस्से में लगी है. गंभीर हालत में युवक को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल में भर्ती करवाया गया था. बाद में युवक को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जख्मी युवक सद्दाम कुरैशी मेदिनीनगर के मुस्लिम नगर का रहने वाला है। बुधवार की सुबह वह अपने घर के बाहर निकला था. इस दौरान एक बाइक से दो अपराधी चेहरा बांधे हुए पहुंचे. अपराधियों ने सद्दाम कुरैशी को टारगेट कर गोली चलाई, सद्दाम बचने के लिए झुका तो इसी क्रमी में गोली उसके बांह पर लग गई. स्थानीय लोगों ने उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया है. घटना की जानकारी मिलने के बाद टाउन थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार, टीओपी 1 के प्रभारी सरस कुमार मौके पर पहुंच गए हैं और पूरे मामले की छानबीन कर रहे हैं। टाउन थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि सद्दाम कुरैशी नामक युवक को गोली मारी गई है. पुलिस पूरे मामले में छानबीन कर रही है। सद्दाम कुरैशी पलामू में चर्चित नमिता देवी हत्याकांड का आरोपी रहा है. कुछ दिनों पहले ही वह जेल से बाहर निकला है. स्थानीय लोगों के अनुसार अपराधी पूरी तरह से अपना चेहरा ढका हुआ था। दोनो अपराधी फायरिंग के बाद में बाइक लेकर फरार हो गए।

## जल्द करें जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति : हाईकोर्ट

**रांची :** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को जेपीएससी के अध्यक्ष के पद पर जल्द नियुक्ति करने का निर्देश दिया है. बुधवार को पवन कुमार की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि खढरउ के अध्यक्ष का पद रिक्त होने की वजह से कई नियुक्तियों पर असर पड़ रहा है. इसलिए अध्यक्ष पद पर सरकार जल्द नियुक्त करें. सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने कोर्ट को बताया कि खढरउ जैसी महत्वपूर्ण संस्था के अध्यक्ष का पद लगभग तीन महीने से रिक्त है. 11वीं से लेकर 13वीं खढरउ के मेंस की परीक्षा जून महीने में ही हो गयी. लेकिन अध्यक्ष का पद खाली रहने की वजह से इंटरव्यू और रिजल्ट की प्रक्रिया बाधित हो रही है. जेपीएससी की ओर से पक्ष रख रहे अधिवक्ता संजोय पीपरवाल ने कोर्ट को बताया कि अध्यक्ष पद पर नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है और जल्द की अध्यक्ष की नियुक्ति कर दी जायेगी।

## एक्शन मोड में रांची जिला प्रशासन, पांच थाना क्षेत्रों से अवैध बालू लदे 15 वाहन जब्त

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक दिसंबर को सभी जिलों के डीसी को अवैध बालू उठाव पर तत्काल रोक लगाने का निर्देश दिया था. सीएम के आदेश के बाद रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री एक्शन मोड में है. अवैध बालू उठाव पर रोक लगाने के लिए उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिये हैं. डीसी के दिशा-निर्देश पर अवैध बालू उठाव रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है. इसी के तहत मंगलवार की रात रांची जिला खनन पदाधिकारी और माइनिंग इंस्पेक्टर ने कई थाना क्षेत्रों में औचक निरीक्षण किया. इस दौरान मेसरा थाना, दलादली टीओपी, तुपुदाना, बेड़ो और लापुंग थाना क्षेत्रों से कुल 15 गाड़ियां पकड़ी गयी. इसमें 12 गाड़ियों में अवैध बालू और तीन गाड़ियों में स्टोन चिप्स लोड था. वहीं 45 अभियुक्तों पर एफआईआर की कार्रवाई की जा रही है. वाहन मालिकों, ड्राइवरों और इसमें संलिप्त अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध विधि सम्मत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## गुमला में घर का ताला तोड़कर चोरों ने की चोरी, जेवर नकदी समेत 5 लाख के सामान पर किया हाथ साफ



मेट्रो रेज

**गुमला:** शहर में चोरी की घटना रुकने का नाम नहीं ले रही है. लगातार एक के बाद एक चोरी की घटना को अंजाम देकर आराम से चोर फरार हो जा रहे हैं. इसी क्रम में मंगलवार रात शहर के जवाहर नगर में ताला तोड़कर एक घर में चोरी की बड़ी घटना को अंजाम दिया है. चोरों ने जेवर और नगदी समेत लगभग 5 लाख के सामान पर हाथ साफ किया है.

घटना को लेकर बताया जाता है कि गीता देवी घर की मालकिन इलाज कराने के लिए रांची गई हुई थी. इस दौरान उनका पुत्र मनोज वर्मा खाना खाने के लिए घर में ताला लगाकर बाहर गया था. चोरों ने घर की गेट का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है. चोरी की घटना में बताया जाता है कि 1 लाख के सोने की चेन, मांग टीका, एक सोने का लॉकेट, कान का सोने का एक झालो के अलावा दो जोड़ी अंगूठी, चांदी का गिलास व कटोरा के अलावा नगद 50 हजार कैश लेकर चोर फरार हो गए. लगभग 5 लाख रुपए के जेवरात व कैश की चोरी हुई है। बता दें कि आए दिन गुमला शहर में लगातार चोरी की घटना हो रही है. लेकिन इसकी रोकथाम के लिए विशेष कोई भी कार्रवाई नहीं की जा रही है. वहीं इस मामले को लेकर एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने बताया है कि चोरी की घटना को रोकने के लिए लगातार पुलिस छानबीन कर रही है. जल्द ही चोर सरगना सलाखों के पीछे होंगे।



## सांसद ढुल्लू महतो ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से की मुलाकात, बंद बैंक शाखा को फिर खोलने की मांग

**धनबाद:** भाजपा सांसद ढुल्लू महतो ने मंगलवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की. इस दौरान सांसद ने एक महत्वपूर्ण समस्या पर वित्त मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया. उन्होंने वित्त मंत्री को एक पत्र सौंपते हुए टुण्डू क्षेत्र में बंद स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर (रइइख) की शाखा को पुनः खुलवाने का आग्रह किया है. वित्त मंत्री ने मामले में सांसद को आश्वासन दिया है।

**स्थानीय लोगों की समस्या से कराया अवगत :** सांसद ढुल्लू महतो ने बताया कि टुंडी क्षेत्र में स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर शाखा बंद होने से स्थानीय लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. क्षेत्र में स्थित कोलियरियों के हजारों कर्मचारियों, पेंशनधारकों, विधवा पेंशन प्राप्त करने वाली महिलाओं और छात्रों को बैंकिंग सेवाओं के लिए चार किलोमीटर दूर एसबीआई बिलबेरा शाखा जाना पड़ता है. इस कारण बुजुर्ग और महिलाओं को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। ढुल्लू महतो ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से आग्रह किया कि टुण्डू में पुनः एसबीबीजे शाखा और एटीएम की सुविधा बहाल की जाए, ताकि स्थानीय जनता को राहत मिल सके. उन्होंने कहा कि टुण्डू क्षेत्र में फिर से स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर की शाखा खुलने से क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा. साथ ही बैंकिंग सेवाओं तक लोगों की पहुंच को सरल बनाएगा. वहीं धनबाद सांसद ढुल्लू महतो के इस पहल की जनता ने सराहना की है। गौरतलब हो कि सांसद ढुल्लू महतो लगातार धनबाद लोकसभा की समस्या सदन में उठा रहे हैं और क्षेत्र की समस्याओं से अलग-अलग विभागों के अधिकारियों और मंत्रियों से मिलकर अवगत करा रहे हैं.।

## नगर विकास मंत्री व स्वास्थ्य मंत्री से मिले चैंबर के पदधारी



**रांची :** झारखंड चैंबर आफ कामर्स के पदधारियों ने ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह व स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी से मुलाकात कर उन्हें विभागीय प्रभार ग्रहण करने पर व्यापारियों की ओर से बधाई दी. प्रतिनिधिमंडल ने विभागों से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा करते हुए अपने सुझाव से भी अवगत कराया. जिसपर मंत्रीगण ने सकारात्मक विचार के लिए आश्वस्त किया.झारखंडी पर्यटन स्थल प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि प्रायः यह देखा जाता है कि योजना कार्यान्वयन में विलंब के कारण विभाग द्वारा आवंटित बजटीय राशि का समुचित खर्च नहीं किया जाता और अंततः वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात राशि सरेंडर कर दी जाती है. इससे जनहित से जुड़े कार्य प्रभावित होते हैं, विभाग को इसपर गंभीरता से चिंतन करने की जरुरत है. बताया गया कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के उत्थान के लिए विभाग द्वारा यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि केंद्र सरकार की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ राज्य को मिले. ग्रामीण स्तर पर रोजगार के सृजन और युवाओं को स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के मुद्दों पर भी सकारात्मक चर्चा हुई. यह आश्वस्त किया गया कि विभाग द्वारा तय किये जानेवाले मॉडल वर्किंग में व्यापारी वर्ग विभाग के साथ सहयोगात्मक भूमिका में रहेंगे. राज्य के विकास में व्यापार और उद्योग जगत की भूमिका को अहम बताते हुए मंत्रिगण ने चैंबर ऑफ कॉमर्स के सहयोग से विकासात्मक मुद्दों पर कार्रवाई की बात कही. प्रतिनिधिमंडल में चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी, सह सचिव नवजोत अलंग, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार और श्रम उप समिति के चेयरमेन प्रमोद सारस्वत शामिल थे।

## लाइट हाउस में बुनियादी सुविधा नहीं मिलने से धरने पर लाभुक



**रांची:** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में धुर्वा पंचमुखी मंदिर के पास लाइट हाउस प्रोजेक्ट के तहत बेघरों के लिए 1008 आवासों का निर्माण किया गया है. इस लाइट हाउस का 10 मार्च 2024 को पीएम नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल उद्घाटन किया था. अब तक लगभग 150 परिवार लाइट हाउस में शिफ्ट कर चुके है. यहां के लाभुक बुनियादी सुविधाओं और कंस्ट्रक्शन क्वालिटी को लेकर लगातार शिकायत करते है. इसी कड़ी में मंगलवार को अ 611 निवासी संजय रत्ना धरने पर बैठ गए. उनका कहना था कि जो उन्हें जो सपने दिखाए गए थे उसे पूरा नहीं किया गया है. उन्होंने कहा यहां लगी लिफ्ट सुचारू तौर से नहीं चलती है. वे बुजुर्ग व्यक्ति हैं, उनका फ्लैट पांचवे फ्लोर पर है, उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. उन्होंने निर्माण पर भी सवाल उठाते हुए खराब गुणवत्ता की बात कही.

**रांची नगर निगम की टीम पहुंची लाइट हाउस :** शिकायतों के निवारण को लेकर रांची नगर निगम की टीम मंगलवार की शाम लाइट हाउस पहुंची. उन्होंने संजय रत्ना को समझने का प्रयास किया. इस दौरान वहां के अन्य लाभुकों ने अपनी परेशानी बताई. जिसपर नगम की टीम ने बुधवार को दोबारा बात करने की बात कही. निगम के टीम में नगर प्रबंधक मृणाल कुमार ने कहा कि मामला रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्लूए) से जुड़ा है, जिसमें लिफ्ट, कॉमन बिजली के इस्तेमाल की है. लाभुकों का कहना है कि ये सभी काम निगम करेगी, लेकिन ये सभी काम आरडब्लूए बनाकर इन कॉमन खर्चों पर काम होगी. नगर प्रबंधक ने बताया कि ये खर्चे लाभुकों को खुद वहन करने होंगे. उन्होंने बताया कि लिफ्ट नहीं चलने का कारण असमाजिक तत्व हैं, जो लिफ्ट को नुकसान पहुंचा देते है. वहीं उन्होंने कहा कि निगम जल्द आरडब्लूए का चुनाव करवाकर यहां सभी काम सुचारु ढंग से शुरू करवाएगी।

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी
(जिला सामान्य शाखा)

प्रेस विज्ञप्ति

चौकीदार की सीधी नियुक्ति हेतु इस कार्यालय के ज्ञापांक–561(ii)/सा0 दिनांक–4.12.2024 द्वारा शारीरिक जाँच एवं दौड़ के लिए दिनांक–11.12.2024 को तिथि निर्धारित किया गया था। इसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित करते हुए दिनांक–18.12.2024 को निर्धारित किया जाता है।

अतः लिखित परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि वे निर्धारित तिथि को प्रातः 6:00 बजे बिरसा कॉलेज, खूँटी स्थित फूटबॉल मैदान में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

ह0/–
उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी,
खूँटी।

PR 341712 (District) 24-25 (D)

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, हजारीबाग
(सामान्य शाखा)

-: आवश्यक सूचना :-

हजारीबाग जिला अन्तर्गत चौकीदार के रिक्त पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या–01/2024 के आलोक में प्राप्त आवेदन पत्रों में से स्वीकृत/अस्वीकृत आवेदनों की सूची www.hazaribag.nic.in के वेबसाईट पर अपलोड करने के उपरान्त आवेदकों से दिनांक 24.10.2024 से 30.10.2024 तक दावा आपत्ति प्राप्त किया गया है। दावा आपत्ति के समय प्राप्त सभी 835 आवेदनों को निष्पादित करते हुए चौकीदार की नियुक्ति के लिए स्वीकृत/अस्वीकृत आवेदनों की अंतिम सूची को www.hazaribag.nic.in के वेबसाईट पर उपलब्ध करा दिया गया है। दिनांक 14.12.2024 से www.hazaribag.nic.in के वेबसाईट पर प्रवेश पत्र अभ्यर्थियों के द्वारा डाउनलोड किया जा सकता है।

साथ ही आवेदकों को भाषा के संबंध में सूचित किया जाता है कि आवेदन पत्र में यदि एक से अधिक भाषा का उल्लेख किया गया है तो समिति द्वारा निम्न रूप से भाषा से संबंधी प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है:–

| क्र0 | अभ्यर्थी द्वारा आवेदन पत्र में अंकित भाषा | समिति का निर्णय | क्र0 | अभ्यर्थी द्वारा आवेदन पत्र में अंकित भाषा | समिति का निर्णय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | खोरठा/कुड़माली | खोरठा | 7. | हिन्दी/संथाली | हिन्दी |
| 2. | हिन्दी/खोरठा | हिन्दी | 8. | हिन्दी/मगही | हिन्दी |
| 3. | खोरठा/हिन्दी/नागपुरी | हिन्दी | 9. | हिन्दी/अंग्रेजी | हिन्दी |
| 4. | खोरठा/संथाली | खोरठा | 10. | हिन्दी/नागपूरी | हिन्दी |
| 5. | खोरठा/नागपुरी | खोरठा | 11. | हिन्दी/खोरठा/संथाली | हिन्दी |
| 6. | हिन्दी/अंग्रेजी/खोरठा | हिन्दी | 12. | भाषा का उल्लेख नहीं किया गया है | हिन्दी |

ह0/–
उपायुक्त, हजारीबाग

PR 341706 District (24-25)_D

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## भारत बेफिक्र नहीं वैकल्पिक व्यवस्था पर निगाहें

सीरिया में इस्लामी विद्रोहियों द्वारा राष्ट्रपति असद को अपदस्थ करने और देश से भागने पर मजबूर करने के बाद, भारत ने चिंता व्यक्त की है। सीरिया में बढ़ते इस्लामी कट्टरपंथ, आईएसआईएस के पुनरुत्थान की संभावना और कश्मीर पर सीरिया के रुख में बदलाव की आशंका भारत के लिए चिंता का विषय है। सीरिया में रविवार को जिस तरह से इस्लामी विद्रोहियों ने राजधानी दमिश्क पर कब्जा किया और राष्ट्रपति बशर अल-असद देश छोड़ने को मजबूर हुए, वह अप्रत्याशित तो है ही, पूरे पश्चिम एशिया के लिए अनिश्चितता के एक नए सिलसिले की शुरूआत साबित हो सकता है। इस प्रकरण में कई ऐसे पहलू हैं, जो भारत की चिंता से सीधे तौर पर जुड़ते हैं। चाहे राष्ट्रपति बशर अल-असद हों या उनके पिता हाफिज अल-बशर, दोनों निरंकुश माने जाते रहे, लेकिन सीरिया में दोनों ने सेकुलर नीति अपनाई। उनके शासन काल में इस्लामी कट्टरपंथियों पर अंकुश बना रहा। अब उनकी जगह काबिज हुए इस्लामी विद्रोहियों के संभावित रुख को लेकर दुनिया भर में आशंकाएं हैं। सीरिया में उनकी वजह से कस्कर जैसे आतंकवादी समूह के फिर से सिर उठाने का डर पैदा हो गया है। ऐसे में यह सवाल खड़ा हो गया है कि क्या आने वाले दौर में भारतीय उपमहाद्वीप में आतंकी तत्वों की सक्रियता बढ़ने वाली है। सीरिया के साथ भारत के आर्थिक रिश्ते भले ही ज्यादा प्रगाढ़ न हुए हों, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोनों एकजुट रहे हैं। यही नहीं, बशर अल-असद ने कश्मीर के सवाल पर हमेशा भारत का साथ दिया। यहां तक कि कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाए जाने को लेकर भी सीरिया ने कहा था कि यह भारत का आंतरिक मामला है और किसी भी देश को अपने भूभाग में नागरिकों की हिफाजत के लिए जरूरी कदम उठाने का पूरा अधिकार है। देखना होगा कि बदले हालात में सीरिया के रुख में किस तरह का और कितना बदलाव आता है। विद्रोही गुटों को हासिल तुर्किये के कथित समर्थन को देखते हुए कुछ एक्सपर्ट्स कह रहे हैं कि सीरिया के नए निजाम की नीतियों पर उसका प्रभाव दिखेगा। अच्छी बात यह है कि तुर्किये के साथ भी भारत के रिश्तों में पिछले कुछ समय में सुधार देखा जा रहा है। जहां कश्मीर पर उसके रुख में नरमी आई है, वहीं भारत ने भी ब्रिक्स में तुर्किये की एंट्री को रोकने का प्रयास नहीं किया। सीरिया के घटनाक्रम पर भारत ने जिस तत्परता से अपना रुख स्पष्ट किया, वह भी काफी कुछ कहता है। 24 घंटे के अंदर ही विदेश मंत्रालय ने सीरिया की एकता, अखंडता और संप्रभुता को अक्षुण्ण रखने की जरूरत बताते हुए कहा कि मसले का हल निकालने की प्रक्रिया न केवल शांतिपूर्ण बल्कि सीरिया की अगुआई वाली और समाज के सभी तबकों के हितों का ध्यान रखने वाली होनी चाहिए। जाहिर है, सीरिया मामले से जुड़े अपने हितों को लेकर भारत संवेदनशील और गंभीर है।

## मुश्किल में इंडी ,चुनावी नाकामियों ने दरार बढ़ाई

**विपक्षी** गठबंधन इंडी में दरारें उभर रही हैं। महाराष्ट्र में सपा और शिवसेना के बीच अनबन और ममता बनर्जी की नेतृत्व की इच्छा ने गठबंधन में तनाव बढ़ा दिया है। सीट बंटवारे और मुद्दों पर आम सहमति की कमी, क्षेत्रीय दलों और कांग्रेस के बीच टकराव की वजह बन रही है। महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल से आ रही खबरों से साफ होता है कि विपक्षी गठबंधन इंडी में सब कुछ सही नहीं चल रहा। लगातार चुनावी नाकामियों से पैदा हुई बेचैनी गठजोड़ पर भारी पड़ रही है। एक-दूसरे के खिलाफ असंतोष और बयानबाजी विपक्ष के लिए बिल्कुल भी शुभ संकेत नहीं। महाराष्ट्र में सपा का शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट से नाराजगी की बात कहते हुए महाविकास अघाड़ी गुट से नाता तोड़ना भले राज्य की सियासत पर असर न डाले, लेकिन इसके गहरे मायने हैं। इसी तरह, तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष और बंगाल की सीएम ममता बनर्जी का इंडी को लीड करने की इच्छा जाहिर करना भी बहुत कुछ कहता है। इन दोनों की नाराजगी गठबंधन के नेतृत्व और इस तरह से सीधे कांग्रेस को लेकर है। विपक्ष में सबसे ज्यादा कमी दिखाई देती है आम सहमति की। सीटों से लेकर मुद्दों तक, दोस्त दलों के बीच कहीं एकजुटता नहीं दिखती। यह बात इस शीतकालीन सत्र में भी साबित हो गई, जब अदाणी मामले पर कांग्रेस और टीएमसी ने अलग राह पकड़ ली। दरअसल, यह टकराव राष्ट्रीय राजनीति में फिर से मजबूत होने की कोशिश कर रही कांग्रेस और अपने स्पेस के लिए लड़ रहीं क्षेत्रीय सियासत की धुरंधर पार्टियों के बीच का ज्यादा है। देखा जाए तो समय-समय पर इस तरह की खबरें आती रही हैं, जो विपक्षी एकता के लिए चुनौती खड़ी कर देती हैं। कुछ अरसा पहले ही यूपी में उपचुनाव को लेकर कांग्रेस और सपा के बीच जैसी असहज स्थिति बनी थी, वैसा सहयोगियों के बीच तो नहीं होता। महाराष्ट्र इलेक्शन के दौरान भी सहयोगी दलों में तालमेल की कमी होने की बात सामने आई थी। बंगाल में पहले ही कांग्रेस और टीएमसी एक-दूसरे के विरुद्ध हैं। इसी तरह, दिल्ली में आप और कांग्रेस में गठजोड़ नहीं है। ऐसा नैशनल अलायंस समझ से बाहर है, जिसमें इतने अंतर्विरोध हों। जहां पार्टियां आम चुनाव में साथ हों, लेकिन राज्यों के चुनाव में आमने-सामने। ऐसे में इन दलों के समर्थकों की उलझन की सहज की कल्पना की जा सकती है। गठबंधन चलता है समझौतों से, जब सारे पक्ष थोड़ा-थोड़ा त्याग करें। यहां सवाल है कि कौन समझौता करेगा? अभी तक तो यही हुआ कि जहां जो दल मजबूत था, वहां उसने दूसरे सहयोगी दलों को अपने बात मनवाने की कोशिश की। कांग्रेस पर सबसे बड़ा आरोप यही है। विपक्ष के लिए सबसे बड़ी चिंता यह है कि आम चुनाव के बाद वह जितना एकजुट और मजबूत नजर आ रहा था, अब उतना ही बिखरा दिख रहा है। जम्मू-कश्मीर और झारखंड की जीत इतनी बड़ी नहीं है, जो बाकी हार को छुपा सके। इन दोनों राज्यों में भी अलायंस की जीत में क्षेत्रीय दलों की बड़ी भूमिका रही और कांग्रेस की कम। इसलिए अब विपक्षी अलायंस के नेतृत्व को लेकर भी उसे चुनौतियां मिल रही हैं। खैर, आने वाले चुनाव विपक्षी अलायंस के भविष्य के लिए भी अहम हैं। विपक्ष की मजबूती उसके खुद के लिए ही नहीं, एक मजबूत लोकतंत्र के लिए भी जरूरी है।

# बीमा सखी योजना : ग्रामीण महिलाओं को बनायेगी सशक्त

प्रधानमंत्री मोदी का हरियाणा से गहरा नाता है, अक्सर वे इसे महत्त्वपूर्ण पहलों के लिए लॉन्चिंग ग्राउंड के रूप में चुनते हैं। 2015 में पानीपत से 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' आंदोलन की शुरूआत सहित मोदी के अभियानों के साथ राज्य का इतिहास महिलाओं के कल्याण के लिए उनकी निरंतर प्रतिबद्धता के लिए एक मिसाल कायम करता है।

**प्रियंका सौरभ**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक दिन पूर्व हरियाणा के पानीपत से महिलाओं के लिए 'बीमा सखी' योजना शुरू की। बीमा सखी योजना का उद्देश्य बीमा के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। यह महिला उद्यमिता को बढ़ावा देता है और पूरे भारत में आर्थिक विकास में महिलाओं की भूमिका को बढ़ाता है। खास बात यह है कि इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने 22 जनवरी 2015 को पानीपत से ही 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान की शुरूआत की थी। पानीपत शहर ऐतिहासिक रूप से महत्त्वपूर्ण है। यह अपनी लड़ाइयों के लिए जाना जाता है और अब भारत में महिला सशक्तिकरण पहलों का केंद्र बिंदु है।

'बीमा सखी योजना' शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य पूरे भारत में महिलाओं को सशक्त बनाना है। इस योजना से लाखों महिलाओं को लाभ मिलने की उम्मीद है। इसका उद्देश्य बीमा क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करके महिलाओं को सशक्त बनाना है। इस योजना के तहत, महिलाएँ जीवन बीमा निगम की एजेंट बनेंगी, जिससे वे बीमा बेच सकेंगी और आय अर्जित कर सकेंगी। यह पहल महिला सशक्तिकरण और आर्थिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देने के व्यापक प्रयासों का हिस्सा है। 'बीमा सखी योजना' महिलाओं की वित्तीय सुरक्षा पर केंद्रित है, जो महिलाओं के लिए बीमा कवरेज को बढ़ावा देती है। यह योजना महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करती है। इसका उद्देश्य आर्थिक विकास में महिलाओं की भूमिका को बढ़ाना है।

यह योजना वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। महिलाओं को बीमा उत्पादों तक पहुँच प्राप्त होगी, जो कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण भी प्रदान करेगी। इस सहायता का उद्देश्य महिलाओं के आत्मविश्वास और स्वतंत्रता को बढ़ावा देना है। यह लैंगिक समानता के बारे में एक मजबूत संदेश भेजेगा। यह पहल महिला अधिकारों के लिए राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप है। इसका उद्देश्य महिलाओं को अपने भविष्य की जिम्मेदारी लेने के लिए प्रेरित करना है। 'बीमा सखी योजना' पूरे भारत में महिलाओं को सशक्त बनाने में एक मील का पत्थर साबित होगी। योजना के तहत चुनी गई महिलाएँ एलआईसी एजेंट के रूप में काम करेंगी और अपने समुदायों में बीमा सेवाएँ प्रदान करेंगी। इससे न केवल महिलाओं के लिए रोजगार पैदा होगा बल्कि वित्तीय साक्षरता और सुरक्षा को भी बढ़ावा मिलेगा।




प्रधानमंत्री मोदी का हरियाणा से गहरा नाता है, अक्सर वे इसे महत्त्वपूर्ण पहलों के लिए लॉन्चिंग ग्राउंड के रूप में चुनते हैं। 2015 में पानीपत से 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' आंदोलन की शुरूआत सहित मोदी के अभियानों के साथ राज्य का इतिहास महिलाओं के कल्याण के लिए उनकी निरंतर प्रतिबद्धता के लिए एक मिसाल कायम करता है। महिला अधिकारों पर ध्यान देने के लिए जाना जाने वाला हरियाणा एक बार फिर सामाजिक बदलाव लाने में अहम भूमिका निभाएगा। यह पहल महिलाओं को सशक्त बनाने की राज्य की विरासत को और मजबूत करेगी। 'बीमा सखी योजना' राज्य की सफल महिला-केंद्रित नीतियों के पोर्टफोलियो में शामिल होगी और समावेशी विकास पर बढ़ते फोकस को दर्शाएगी। 'नारी शक्ति' पर सरकार के जोर को लोकसभा में पारित 'नारी शक्ति वंदन विधेयक' जैसे प्रयासों के माध्यम से मजबूत किया गया, जिसमें महिलाओं को 33% आरक्षण दिया गया।

इस योजना की पात्र महिलाओं को योजना के बारे में सूचित करने के लिए प्रभावी संचार रणनीतियाँ आवश्यक हैं। योजना की सफलता के लिए वेतन और कमीशन का समय पर वितरण सुनिश्चित करना महत्त्वपूर्ण है। बीमा क्षेत्र में अपनी भूमिका को बनाए रखने और विस्तारित करने के लिए महिला एजेंटों के लिए एक मजबूत सहायता प्रणाली का निर्माण करना। आवेदक भारतीय नागरिक होने चाहिए। न्यूनतम योग्यता 10वीं या 12वीं कक्षा की होनी चाहिए। आवश्यक दस्तावेजों में आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक खाता विवरण, मोबाइल नंबर, शैक्षिक प्रमाण पत्र शामिल हैं और महिलाओं को ग्रामीण या अर्ध-शहरी क्षेत्रों की निवासी होना चाहिए। चयनित उम्मीदवारों को बीमा सखी के रूप में तैयार करने के लिए जीवन बीमा निगम द्वारा प्रदान किए गए विशेष प्रशिक्षण से गुजरना पड़ता है। प्रशिक्षण के सफल समापन पर प्रमाणन प्रदान किया जाता है। एक निश्चित मासिक वेतनः पहले वर्ष में 7, 000, दूसरे में 6, 000 और तीसरे वर्ष में 5, 000 और बेची गई बीमा पॉलिसियों पर कमीशन के माध्यम से अतिरिक्त आय मिलेगी।

आयोगों और नीति-सम्बंधी अपडेट की निगरानी के लिए एक समर्पित डिजिटल प्लेटफॉर्म। कौशल और ज्ञान को उन्नत करने के लिए नियमित कार्यशालाएँ। देशभर में 35, 000 महिलाओं को शामिल करने की प्रारंभिक योजना। हरियाणा का पानीपत, महिला सशक्तिकरण पर अपने ऐतिहासिक जोर के कारण इस योजना का लॉन्चपैड है। आधिकारिक या नामित सरकारी पोर्टल पर जाएँ। व्यक्तिगत विवरण और वैध संपर्क जानकारी का उपयोग करके एक खाता बनाएँ। सटीक विवरण के साथ आवेदन पत्र भरें। आईडी प्रूफ, शैक्षिक प्रमाण पत्र और बैंक विवरण जैसे आवश्यक दस्तावेज अपलोड करें। आवेदनों की समीक्षा की जाती है। स्वीकृत होने के बाद, उम्मीदवारों को एक व्यक्तिगत डैशबोर्ड तक पहुँच प्राप्त होती है। 'बीमा सखी योजना' 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' और 'नमो दीदी' कार्यक्रमों की सफलता के बाद, महिला-केंद्रित योजनाओं को शुरू करने के पीएम मोदी के ट्रैक रिकॉर्ड को जारी रखती है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए उनका निरंतर प्रयास समाज और अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भूमिका को मजबूत करने के उद्देश्य से विभिन्न नीतियों और विधायी परिवर्तनों में स्पष्ट है।

बीमा सखी योजना वित्तीय समावेशन के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। ग्रामीण महिलाओं को बीमा एजेंट के रूप में कार्य करने में सक्षम बनाकर यह योजना न केवल उन्हें आजीविका के अवसर प्रदान करती है बल्कि उन्हें औपचारिक वित्तीय प्रणाली में भी एकीकृत करती है। कार्यक्रम की सफलता इसके प्रभावी कार्यान्वयन और हितधारकों से निरंतर समर्थन पर निर्भर करती है।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# यूनिसेफ: बाल कल्याण की अग्रणी संस्था

समय के साथ यूनिसेफ ने अपनी कार्यशैली में बदलाव किए। पहले इस संस्था का काम सिर्फ बाल अधिकारों की रक्षा के क्षेत्र में था। बाद में बच्चों के जीवन में बेहतरी के क्षेत्र में भी संस्था ने अपने कार्यों का विस्तार किया। फिलहाल यूनिसेफ की टीमें माताओं और नवजात शिशुओं के लिए एचआईवी की रोकथाम और उपचार, पर्याप्त पानी, स्वच्छ वातावरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास, बाल स्वास्थ्य व पोषण जैसे क्षेत्रों में कार्यरत हैं।

**डॉ. रमेश ठाकुर**

### यूनीसेफ स्थापना दिवस (11 दिसंबर) पर विशेष

बाल कल्याण की बात हो या बाल अधिकारों की रक्षा, दोनों में प्रहरी की भूमिका निभाती है 'यूनिसेफ,। यूनिसेफ का नाम सुनते ही बाल कल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे संस्था के प्रयासों का ध्यान आता है। आज 'विश्व यूनिसेफ दिवस' है। एक ऐसी संस्था जो संसार के 190 देशों के दुर्गम स्थानों पर पहुंच कर बाल अधिकारों की हिमायत के लिए मजबूती से लड़ती है। बाल कल्याण की सुविधाएं विश्व के प्रत्येक जरूरतमंद, कमजोर और वंचित बच्चों तक पहुंचे, इसके लिए यूनिसेफ की टीमें चौबीसों घंटे ग्रांउड जीरो पर तैनात रहती हैं।

यूनिसेफ का मतलब होता है 'संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष' जिसका आरंभ 11 दिसंबर, 1946 को 'संयुक्त राष्ट्र महासभा' द्वारा किया गया था। शुरूआती समय में संस्थान में मात्र 43 देश शामिल हुए लेकिन कुछ वर्षों बाद ये संख्या 100 पार कर गई। आज इस संस्था के साथ 190 देश जुड़े हुए हैं। संस्था से जुड़ने वाले देशों की संख्या में धीरे-धीरे बढ़ोतरी हो रही है। यूनिसेफ के 5 लाख प्रतिनिधि इस समय पूरी दुनिया में कार्यरत हैं। वहीं, भारत में 18 हजार के करीब कर्मचारी दुर्गम स्थानों पर बाल कल्याण के क्षेत्र में सेवाएं दे रहे हैं। बाल तस्करी की रोकथाम में इस संस्था की अलग टीमें कार्य करती हैं। भारत में रोजाना करीब 69,000 बच्चे पैदा होते हैं। उन सभी नौनिहालों के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और बाल संरक्षण में यूनिसेफ इंडिया बेहतर कदम उठाने को संकल्पित है। इस समय यूनिसेफ की टीमें युद्धग्रस्त यूक्रेन-रूस, ईरान-इराक, अफगानिस्तान जैसे देशों जुटी हुई हैं। इन देशों के अभावग्रस्त बच्चों के पालन-पोषण के अलावा इन बच्चों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में संस्था काम कर रही है।

समय के साथ यूनिसेफ ने अपनी कार्यशैली में बदलाव किए। पहले इस संस्था का काम सिर्फ बाल अधिकारों की रक्षा के क्षेत्र में था। बाद में बच्चों के जीवन में बेहतरी के क्षेत्र में भी संस्था ने अपने कार्यों का विस्तार किया। फिलहाल यूनिसेफ की टीमें माताओं और नवजात शिशुओं के लिए एचआईवी की रोकथाम और उपचार, पर्याप्त पानी, स्वच्छ वातावरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास, बाल स्वास्थ्य व पोषण जैसे क्षेत्रों में कार्यरत हैं। भारत के नजरिए से यूनिसेफ को देखें तो वर्ष 1949 में मात्र तीन सदस्यीय स्टाफ ने यहां काम शुरू किया। संस्था ने साल 1952 में दिल्ली में अपना कार्यालय स्थापित किया। वर्तमान में भारत के 16 राज्यों में इसके कार्यालय हैं, जहाँ से बाल कल्याण व बाल अधिकारों से जुड़ी योजनाओं को अमलीजामा पहनाते हैं। भारत में इनका प्रतिनिधित्व सिंथिया मैककैफ्रे करती हैं जिनकी अक्टूबर 2022 में नियुक्ति हुई थी। भारत सरकार अपने बजट से बड़ी रकम इनको सालाना आंवटित करती है ताकि देश के दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले वो बच्चे भी इनके जरिए शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ सकें, जो सरकार की नजरों से छूट जाते हैं। 2018 में यूनिसेफ ने 'एवेरी चाइल्ड अलाइव' नाम से अंतरराष्ट्रीय अभियान की शुरूआत की जिसके अनुसार प्रत्येक मां और नवजात शिशु के लिए सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग और उनकी आपूर्ति करने के प्रयासों की शुरूआत करनी थी। उस अभियान ने जबरदस्त सफलता हासिल की। यूनिसेफ का मुख्यालय, न्यूयॉर्क में स्थापित है। संस्था का उद्देश्य संसार भर के बच्चों को सुगम जीवन, उन्हें आगे बढ़ाने और अपनी क्षमता का विकास कराने का अधिकार मुहैया कराना है। वर्ष 2021 में भारत में यूनिसेफ की सेवाओं के 75 वर्ष पूरे हुए। तब, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी यूनिसेफ और भारत के सहयोग के साक्षा प्रयासों की सराहना की। भारत सरकार भी चाहती है कि प्रत्येक बच्चे का स्वास्थ्य बेहतर हो, उन्हें सुरक्षा और खुशहाली मिले। इसके लिए भारत सरकार भी कोई कसर नहीं छोड़ती। यूनिसेफ के लोग इस बात को विभिन्न वैश्विक मंचों पर कई बार दोहरा चुके हैं कि भारत सरकार से संस्था को भरपूर सहयोग मिलता रहा है।

इस समय 150 देशों में यूनिसेफ के कार्यालय, 34 राष्ट्रीय समितियां जो मेजबान सरकारों के साथ विकसित कार्यक्रमों के माध्यम से मिशन आगे बढ़ाते हैं। यूनिसेफ को सार्वजनिक क्षेत्र के तीन सबसे बड़े भागीदार अमेरिका, जर्मनी और विश्व बैंक अधिकांश पैसा देते हैं। बीते दो दशकों में विश्व भर में बच्चों के जीवित रहने के दर में खासी वृद्धि देखी गई। 2016 में दुनियाभर में अपने 5वें जन्मदिन से पहले मर जाने वाले बच्चों की संख्या आधी होकर 56 लाख तक रह गई। इसके बावजूद नवजात शिशुओं के लिए प्रगति धीमी रही है। पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु में, जन्म के पहले महीने में ही मर जाने वाले शिशुओं की संख्या 46 प्रतिशत है। जागरूकता के चलते इन आंकड़ों में अब सुधार हुआ है। यूनिसेफ के ऐसे प्रयास निरंतर जारी हैं, इसमें आम जनों को भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। सरकार और समाज के संयुक्त प्रयासों से अभियान को न सिर्फ संबल मिलेगा बल्कि और तेज गति भी प्रदान मिलेगी।

**(लेखक, केंद्र सरकार की बाल कल्याण समिति 'निपसिड' के सदस्य हैं।)**

# भगवान शिव के ये 6 अद्भुत रहस्य

**अध्यात्म**

शिव पुराण में भगवान शिव को देवों का देव अर्थात महादेव कहा गया है। भगवान शिव को सृष्टि का संहारक भी कहा जाता है लेकिन संहारक का अर्थ यहां केवल सृष्टि के अंत से नहीं है बल्कि सृजन की प्रक्रिया से है। जब-जब पाप धरती पर हावी हो जाता है और मनुष्यता का अंत होने लग जाता है, तो धरा को नवजीवन की आवश्यता होती है, ऐसे में धरती के सृजन के लिए भगवान शिव संहारक की भूमिका निभाते हुए सृष्टि का संहार करते हैं। इसके बाद ब्रह्मा धरा का सृजन करते हैं और फिर भगवान विष्णु जगत के पालनहार की भूमिका निभाते हैं। बात करें, भगवान शिव के जीवन की,तो महादेव के बारे में कहा जाता है कि शिव समस्त मोह-माया से दूर रहकर भी संसार से प्रेम करते हैं। कुछ पौराणिक कहानियों में महादेव को निमोर्ही भी कहा गया है। आइए, जानते हैं भगवान शिव के जीवन के 6 अद्भुत रहस्य, जो आपको कलियुग के कई सवालों के जवाब देकर आपको जीवन को समझने में मदद करेंगे। इन रहस्यों में जीवन के ऐसे उत्तर छुपे हैं, जो जीवन के प्रति आपको एक उम्मीद भी देंगे। भगवान शिव के भक्तों में हर जीव शामिल हैं। मनुष्य, जीव-जंतु, असुर, दानव, प्रेत-आत्मा भगवान शिव के भक्त हैं लेकिन भगवान शिव के लिए सभी भक्त समान है। प्राकृतिक तरीकों से कैलाश पर्वत पर रहने वाले नंदी महाराज भी भगवान शिव के भक्त हैं और सोने की लंका का राजा यानी लंकापति रावण भी भगवान शिव का भक्त है। भगवान शिव के लिए केवल अपने भक्तों से मिलने वाला प्रेम और समर्पण भाव ही महत्व रखता है। उन्हें किसी भी भक्त के रहन-सहन और धन-वैभव से कोई मतलब नहीं है, उनके लिए सब समान है। कलियुग में भी हर मनुष्य को किसी भी अन्य मनुष्य के व्यवहार, व्यक्तित्व और विचारों को ही महत्व देना चाहिए न कि उनके वैभव या सांसरिक छवि को सबसे पहले रखना चाहिए। भगवान शिव को भोलेनाथ इसलिए भी कहा जाता है कि क्योंकि भगवान शिव सांसरिक बातों से कहीं ऊपर हैं। भगवान शिव न ही अपनी प्रशंसा से अभिभूत होते हैं और ना ही उन्हें आलोचना ही विचलित कर पाती है। भगवान शिव का स्वभाव जल की तरह शीतल यानी धैर्यशील है। वे मौन रहकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह करते हैं। कलियुग में भी हमें यही सीख मिलती है कि हमें प्रशंसा और आलोचना से ऊपर उठकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह करना चाहिए। भगवान शिव हर जीव की मनोकामना पूरी करते हैं।

## हेल्थ टिप्स

### 20 मिनट कसरत करना जरूरी

**हाल** ही में लैंसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल ने एक रिपोर्ट प्रकाशित की है। यह रिपोर्ट 197 देशों के लगभग 57 लाख लोगों की है और इसमें यह बताया गया है कि हमारे देश के लगभग 50 प्रतिशत लोग बहुत कम शारीरिक परिश्रम करते हैं। इनमें लगभग 42 प्रतिशत महिलाओं और 57 प्रतिशत पुरुषों को आलसीपन की श्रेणी में रखा गया है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार हर व्यक्ति को लगभग 20 मिनट कसरत करने की जरूरत होती है।

आलस्य बहुत सी जानलेवा बीमारियों को भी दावत देता है, जिनमें मुख्यतः मोटापा, डायबिटीज, हार्ट, बीपी आदि बीमारियां हैं। इसमें कोई शक भी नहीं है कि हमारे देश में इन बीमारियों के रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है। अगर बच्चे खेल के मैदान में नहीं खेलते हैं तो इनके तन-मन के लिए जरा भी उचित नहीं है। इसलिए पढ़ाई के साथ खेल भी जरूरी हैं।

**कन्हैया प्रसाद, धुर्वा**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# व्यवस्थाएं पहले ही सुनिश्चित कर लें और आपसी सामंजस्य बनाते हुए तैयारियां शुरू कर दें : डीसी

मेट्रो रेज



**साहिबगंज :** झारखंड सरकार के द्वारा जिला स्थित बरहेट प्रखण्ड के भोगनाडीह में प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम निश्चित है।इसी क्रम में तैयारियों को लेकर उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक की गई। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी व्यवस्थाएं पहले ही सुनिश्चित कर लें और आपसी सामंजस्य बनाते हुए तैयारियां शुरू कर दें।इस संबंध में उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को मुख्यमंत्री द्वारा योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास एवं परिसंपत्तियों का वितरण की जाने वाली सभी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को निर्देशित किया। परियोजना निदेशक संजय कुमार दास उपविकास आयुक्त सतीश चंद्रा, अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत सिविल सर्जन डॉक्टर प्रवीण कुमार संथालिया जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ हरिशंकर झा जिला योजना पदाधिकारी अनूप कुमार, भूमि संरक्षण पदाधिकारी राहुल कुमार गुप्ता, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष, जिला कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस मार्टिन तारीक जिला मत्स्य पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य देवीलाल हांसदा उपस्थित रहे।

## संज्ञान में आए हुए शिकायतों का जल्द हो समाधान : उपायुक्त



**साहिबगंज :** समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– उपायुक्त हेमंत सती ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने अपनी समस्याओं से उपायुक्त महोदय को अवगत कराया। उपायुक्त महोदय ने उपस्थित नैनी मिश्रा कंचन कुमार सरकार, नाथू घोष अन्य लोगों से एक–एक कर उनकी समस्याएं सुनी। साथ ही उनके सामाधान को लेकर उन्हें आश्वस्त कराया जबकि संज्ञान में आए हुए शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान करने की बात कही। गौरतलब है। कि जनता दरबार के दौरान शिकायत के रूप में आए आवेदन विभिन्न विभागों व योजना से संबंधित थे।जनता दरबार में शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात उपायुक्त महोदय ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को उनका समाधान करने को लेकर निर्देशित किया।संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें।

## कसमार में डोर टू डोर जाकर बच्चों को पिलाई गई पोलियो ड्रॉप



मेट्रो रेज

**कसमार।** कसमार प्रखंड में पोलियो से मुक्ति के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए गए अभियान में 0 से 5 वर्ष से बच्चों को पल्स पोलियो ड्रॉप पिलाई गई। भारत को पोलियो मुक्त बनाए रखने के लिए यह अभियान 8 दिसंबर से 10 दिसंबर यानि तीन दिनों तक चलाई गई। इसके अंतर्गत पहले दिन 8 दिसंबर दिन रविवार को अभियान की शुरूआत करते हुए बच्चों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों पर पोलियो की ड्रॉप पिलाई गई तथा बाकी के दो दिन 9 और 10 दिसंबर दिन सोमवार और मंगलवार को स्वास्थ्य कर्मी घर घर डोर टू डोर घूम घूम कर बच्चों को पल्स पोलियो ड्रॉप पिलाने का काम किया। इसी क्रम में मधुकरपुर में स्वास्थ्य कर्मी अयोध्या कुमार प्रजापति ने पोलियो ड्रॉप बॉक्स लेकर घर घर जाकर 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई। स्वास्थ्य कर्मी ने कहा कि उनके पोषक क्षेत्र में सभी बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई गई है। इस अभियान में एक भी बच्चा पोलियो ड्रॉप पीने से वंचित नहीं रहा।

# प्रखंड के लोगों की समस्याओं को लेकर जनता दरबार का हुआ आयोजन

मेट्रो रेज



**साहिबगंज/बरहरवा :** विधानसभा चुनाव के उपरांत पिछले दिनों की भांति पुनःमंगलवार को विधायक कक्ष के प्रांगण में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान के द्वारा जनता दरबार के माध्यम प्रखंड के लोगों की समस्याओं को लेकर जनता दरबार का आयोजन किया गया।विधायक कक्ष की मरम्मती कार्य होने के कारण विधायक कक्ष के बाहर प्रांगण मे ही जनता दरबार का आयोजन सुनिश्चित किया गया।जनता दरबार में ग्रामीण एवं नगर पंचायत के लोगों ने अपनी अपनी समास्याओं को बरकत खान के समक्ष रखा,जिसमें मुख्य रूप से मईया सम्मान योजना से संबंधित समस्याएं,पेंशन बंद हो जाने,बिजली बिल माफी से संबंधित समस्याएं,अबुवा आवास,अंबेडकर आवास एवं जमीनी संबंधित समस्याए सम्मिलित थे।जिला अध्यक्ष बरकत खान ने सभी समस्याओं को सुना तथा सभी समस्याओं से संबंधित पदाधिकारियों से वातार्लाप कर समस्याओं का निबटारा करवाया,साथ ही मइया सम्मान योजना में बहुत से माताओं एवं बहनों का आवेदन रिजेक्ट हो जाने संबंधित समस्याएं को लेकर जिला अध्यक्ष बरकत खान ने उप विकास आयुक्त साहेबगंज से फोन पर वातार्लाप कर इस पर पहल करने की बात कही।जनता दरबार में पहुंचे कुछ लोगों की समास्याओं को लेकर बरकत खान प्रखंड विकास पदाधिकारी सन्नी कुमार दास से मिलकर निदान करवाने का सफल प्रयास किया।बरकत खान ने बताया कि पाकुड़ विधानसभा से रिकॉर्ड मतों से निर्वाचित विधायिका निसात आलम ने निर्देश दिया है कि विधायक कक्ष में पूर्व की तरह प्रत्येक मंगलवार को लगे जनता दरबार में पहुंचे लोगों की समास्याओं का निदान निस्वार्थ भाव से करने का काम करें,लोगों की समास्याओं का निदान कराने के लिए ही प्रत्येक प्रखण्ड में गठबन्धन सरकार के द्वारा विधायक कक्ष का प्रावधान किया गया है।मौके पर मिथुन मण्डल,विकास सिंह,आलमगीर आलम,अनारुल खान,आफताब आलम सहित दर्जनों शहरी तथा ग्रामीणगन मौजूद थे।

# बौद्धिक विकलांग व्यक्तियों को कानूनी सहायता प्रदान करना है : अखिल कुमार

मेट्रो रेज




**साहिबगंज :** मानसिक रूप से बीमार और बौद्धिक अक्षमता से ग्रस्त व्यक्ति सभी मानवीय अधिकार और मौलिक स्वतंत्रता के हकदार हैं। इनलोगों को विशेष सुरक्षा की आवश्यकता है ।इन समस्याओं से ग्रस्त व्यक्ति सभी मानवीय अधिकार और मौलिक स्वतंत्रता के हकदार हैं। मानसिक रूप से बीमार और बौद्धिक रूप से विकलांग व्यक्तियों को विधिक सेवाएं देते समय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार का यह मुख्य सरोकार यह है कि इन व्यक्तियों के मानवीय अधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता को प्रोत्साहित एवं रक्षित किया जाये और यह सुनिश्चित किया जाये कि वह अपने मानवीय अधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता का पूर्ण, सम्मानपूर्वक और समान आनंद ले सकें। उपर्युक्त बातें आज प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज श्री अखिल कुमार ने झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निदेशानुसार दो दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम मनोन्याय के प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन के दौरन कहीं। उन्होंने कहा की नालसा कानूनी सेवाएं मानसिक रूप से बीमार व्यक्तियों और बौद्धिक रूप से विकलांग व्यक्तियों को योजना 2024 के तहत नवगठित कानूनी सेवा इकाई मनोन्याय गठन किया गया। इस इकाई का मुख्य उद्देश्य मानसिक रूप से बीमार और बौद्धिक विकलांग व्यक्तियों को कानूनी सहायता प्रदान करना है।सर्व प्रथम कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज श्री अखिल कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षु जिला न्यायाधीश पुर्नेंदु शरण, स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष राकेश कुमार मिश्रा, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी तुषार आनंद, डॉ० मोहन मुर्मू, डॉ० अनिमेष कुजुर, अधिवक्तागण, पीएलवी न्याय मित्र सहित अन्य उपस्थित थे।

## सहकारिता विभाग द्वारा धान अधिग्रहण को लेकर हुई चर्चा



**कसमार।** कसमार प्रखंड के मधुकरपुर पैक्स भवन में धान अधिग्रहण को लेकर प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी राणा रमेश कुमार सिंह ने किसानों के साथ बैठक कर धान अधिग्रहण को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों द्वारा उत्पादित धान को अच्छे कीमत पर लेना चाहती है, बशर्ते किसान बिचौलियों के चक्कर में पढ़कर ओने पौने दर पर धान न बेचें। इसके लिए मूल्य निर्धारण हो गया है। सरकार एमएसपी पर 2300 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान किसानों से खरीदेगी। सरकार प्रति क्विंटल 100 रुपए का बोनस भी देगी। इस प्रकार किसानों को प्रति क्विंटल 2400 रुपए प्राप्त होंगे। साथ ही बीसीओ ने किसानों को पैक्स के माध्यम से धान बेचने के लिए किसान आईडी बनाने की बात कही। इसके लिए 20 - 25 किसानों ने फॉर्म जमा किया है। आईडी के लिए अभी 2 से 4 दिन तक फॉर्म लिए जाएंगे। उक्त चर्चा में मधुकरपुर पंचायत समिति सदस्य इंद्रजीत कुमार पांडेय, पैक्स अध्यक्ष गणेश कुमार नायक, कृषि मित्र सुभाष चंद्र ठाकुर, मत्स्य जीवी सचिव समरेश कुमार कपरदार के अलावे दर्जनों किसान उपस्थित थे।



# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर का आयोजन

मेट्रो रेज

**साहिबगंज/उधवा :** प्रखंड में आयुष्मान कार्ड वितरण कार्यक्रम का आयोजन करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी जयंत कुमार तिवारी ने लाभुकों को आयुष्मान कार्ड स्वीकृत पत्र वितरित किए। यह कार्यक्रम साहिबगंज डीसी हेमंत सती के निदेशानुसार आयोजित किया गया था।जिसमें 7 दिसंबर से 10 दिसंबर तक सभी प्रखंड मुख्यालयों में आयुष्मान कार्ड बनाने का काम किया।इस कार्यक्रम में उधवा प्रखंड मुख्यालय स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर लगाया गया। जिसमें विभिन्न पंचायतों से आवश्यक कागजात के साथ लाभुक पहुंचे। इस दौरान 50 लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनाया और उधवा में करीब 350 लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया।इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी जयंत कुमार तिवारी ने कहा कि आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर लगाया गया था।जिसमें लाभुकों को आयुष्मान कार्ड स्वीकृत पत्र वितरित किए गए। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम साहेबगंज डीसी हेमंत सती के निदेशानुसार आयोजित किया गया था।इस कार्यक्रम में कंप्यूटर ऑपरेटर अफजल अंसारी, नितेश छतरी, खबीर आलम सहित अन्य मौजूद थे।

## न्यूज IN ब्रीफ

### सेवा ही भाव : कोविड के वॉरियर डॉ परिमल को मिला सम्मान कहा- मानव सेवा ही उद्देश्य

**गिरिडीह ।** सरकारी सेवा में रहने के बावजूद कई चिकित्सक ऐसे हैं जिनपर निजी प्रेक्टिस करने का आरोप लगता है. कई चिकित्सक निजी प्रैक्टिस करते भी हैं लेकिन कई ऐसे चिकित्सक हैं जो सरकारी सेवा में रहते हुए लोगों का मुफ्त इलाज करते हैं. ऐसे ही चिकित्सकों में एक हैं डॉ परिमल सिन्हा. डॉ परिमल सेंट्रल कोल्फील्ड लिमिटेड में कार्यरत हैं और वर्तमान में ये सीसीएल गिरिडीह एरिया के डिप्टी सीएमओ हैं.

उनके द्वारा कोलकर्मियों का इलाज करने के साथ-साथ बाहरी मरीजों का भी इलाज किया जाता है. बाहरी मरीज से इलाज के दौरान उनके द्वारा किसी प्रकार की फीस नहीं ली जाती है. ग्रामीण क्षेत्र में भी जाकर उनके द्वारा निशुल्क सेवा दी जाती है. उनके घर पर भी कोई मरीज पहुंचता है तो उनका इलाज करते हैं. अब उन्हें एक संस्था द्वारा राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान से नवाजा गया है. दिल्ली में उन्हें सम्मानित किया गया. सम्मान पाने के बाद ये गिरिडीह पहुंचे तो लोगों ने उनका स्वागत किया है. डॉ परिमल बताते हैं कि वह लगातार ग्रामीण क्षेत्र जाते हैं. स्कूली बच्चों का इलाज करते हैं. सरकारी स्कूलों में फ्री मेडिकल कैंप लगवाकर उन्होंने तीन हजार से अधिक बच्चों का ब्लड ग्रुप जांच करवाया. ब्लड डोनेशन कैंप लगवाया. लोगों की सेवा में जुटे रहे. उन्होंने कहा कि इसके लिए उन्हें सीसीएल के सीएमडी के साथ गिरिडीह के जीएम बासब चौधरी समेत कई अधिकारियों का पूरा सहयोग मिलता रहा. उनके घरवाले भी उनका पूरा साथ देते हैं. उन्हें तो अच्छा वेतन मिलता है, ऐसे में कुछ कार्य मानवता के लिए करना जरूरी है.

**कोविड वॉरियर रह चुके हैं परिमल :** बता दें कि कोरोना काल में भी इनके द्वारा खुलकर मरीजों का इलाज किया गया था. कोरोना की पहली और दूसरी लहर में भी डॉ परिमल ने सैकड़ों मरीजों का इलाज किया था. कोविड काल में उनके सास ससुर भी संक्रमित हो गए थे, इसके बावजूद उन्होंने लोगों का इलाज करना नहीं छोड़ा था. परिमल कहते हैं कि किसी भी सरकारी-गैर सरकारी संस्था द्वारा सम्मान मिलता है तो इससे व्यक्ति का आत्मविश्वास बढ़ता है.

### पुलिस ने एक अज्ञात बाइक को किया बरामद

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के बड़ा लोहंडा आंध्रो के एक प्लांट में जिरवाबाड़ी पुलिस ने एक अज्ञात बाइक को बरामद किया है। बाइक का नंबर किसी धारदार चीज से खरोच कर मिटा दिया गया है। जानकारी के अनुसार बड़ा लोहंडा आंध्रो स्थित पेपर्स ब्लॉक इट प्लांट में सोमवार की रात्रि किसी अज्ञात ने एक हीरो की जेएच 18 एफ 9553 को छोड़कर भाग निकले सुबह में प्लांट में जब संचालक पहुंचे तो देखा कि उनके प्लांट में एक अज्ञात बाइक गिर पड़ा है। तब उन्होंने इसकी जानकारी जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी को दी। जिरवाबाड़ी थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन करते हुए बाइक को जब्त कर थाने ले आए।इधर थाना प्रभारी पंकज दुबे ने बताया कि बाइक की डिक्की से बाइक की कागज मिला है बाइक किसी बरहेट का रहने वाला जोसेफ हेंब्रम का बताया जा रहा है। पुलिस छानबीन कर रही है।

### दिनदहाड़े सड़क किनारे से बाइक चोरी जांच में जुटी पुलिस

**साहिबगंज/उधवा:** राधानगर थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े बाइक चोरी की घटना सामने आई है। राधानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत चांदशहर बड़ तल्ला आरईओ मुख्य सड़क से मंगलवार को अज्ञात चोर ने दिनदहाड़े बाइक चोरी की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया। पीड़ित अब्दुल मतीन शेख ने इसकी शिकायत राधानगर पुलिस से की है। उन्होंने पुलिस को आवेदन देकर बताया है कि मंगलवार को अपनी हीरो कंपनी की ग्लेमर मोटरसाइकिल रजिस्ट्रेशन संख्या जेएच 18 जी 8536 पर जमीन नापी का कार्य करने उधवा अंचल के नरसिंहपुर मौजा गया था।बडतल्ला चाँदशहर आरईओ सड़क में पूरब दिशा में मुख्य पथ से 600 मीटर अंदर जमीन पर बैलगाडी जाने का कच्चा सड़क पर लगाकर जमीन की नापी कर रहा था तथा जमीन की मापी करने के बाद दोपहर करीब 2:30 बजे उक्त स्थान पर वापस आया तो देखा कि मेरी मोटरसाइकिल वहां नही थी।वही आसपास काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का कहीं कुछ सुराग नहीं मिल सका। वही घटना के बाद पीड़ित ने अपने करीबियों व परिचितों को घटना से अवगत कराया । एक व्यक्ति ने बताया की ब्लू रंग की एक ग्लैमर में दो अजनबी लोगों को सवार होकर चांद शहर बेगमगंज आरईओ के रास्ते से जाते हुए देखा गया है। हालाकी उक्त व्यक्ति दोनों युवक की पहचान नहीं कर सके हैं। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### स्वर्गीय सुधीर महतो के श्राद्ध कर्म में उपस्थित हुए मंत्री योगेन्द्र प्रसाद



**कसमार।** कसमार प्रखंड के मधुकरपुर निवासी नवप्राथमिक विद्यालय के सहायक शिक्षक स्वर्गीय सुधीर महतो के श्राद्ध कर्म बारहवीं के दिन सूबे के मद्ध निषेध व पेयजल स्वच्छत मंत्री योगेन्द्र प्रसाद उपस्थित हुए। उन्होंने स्वर्गीय शिक्षक के तस्वीर पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भगवान से उनके आत्मा को शांति प्रदान के लिए कामना की, साथ ही शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में ढाढस बंधाते हुए संवेदना व्यक्त की। श्री प्रसाद ने कहा स्वर्गीय सुधीर मास्टर व्यवहार कुशल व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति ये, उनके निधन से गांव ने एक अनुभवी, कुशल, और योग्य व्यक्ति को खो दिया है। वो विद्यालय के अलावे बचे हुए समय में समाज में भी अपना दायित्व बखूबी निभाया करते थे।

### मेरा सारा परिवार डरा हुआ है हुजूर

**साहिबगंज :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महादेवगंज पश्चिम टोला निवासी अर्जुन यादव ने अपने बेटे और बहु के विरुद्ध मारपीट को लेकर मुफस्सिल थाना में आवेदन दिया।आवेदन में कहा कि दिनांक-09-12-2024 को रात में करीब 7:30 बजे मेरा पुत्र राज कुमार उर्फ मलेटरी यादव व उसकी पत्नी पुनम देवी उर्फ गनिया देवी जो कि मेरे घर के पास ही उसका घर है।उक्त लोगो ने उक्त दिन जबरन मेरे घर में लाठी डंडा और बन्दूक लेकर घुस गए और मुझ पर एवं मेरी पत्नी गंगोत्री देवी को गाली गलौज के साथ जान से मारने की नियत से हमला किया।इस हमला से वह और उसकी पत्नी बूरी तरह से घायल हो गए।उन्होंने कहा कि वे लोग हल्ला करने लगा तो आवाज सुनकर आस-पास के लोग इक्ट्ठा हुए तो दोनो अभियुक्त वहाँ से भाग गए।फिर मेरी पुत्री जो कि मेरे घर से कुछ दूर में रही है।वो आई और हमलोगों का ईलाज साहिबगंज सदर अस्तपाल में करवाई। इस घटना से मैं और मेरा सारा परिवार डरा हुआ है।उन्होंने थाना प्रभारी से दोनो के विरुद्ध उचित कारवाई करने की मांग की।वही थाना प्रभारी ने जांच कर कारवाई करने की बात कही।

# टीवीएफ के शो 'पंचायत' और 'कोटा फैक्ट्री' ने 2024 के इंडिया के टॉप मोस्ट सर्च शोज की लिस्ट में बनाई जगह

**इस साल** कई ओटीटी शोज ने अपनी शानदार कहानियों से लोगों पर गहरी छाप छोड़ी। दर्शकों के पास देखने के लिए काफी कुछ था। 2024 में भारत में एंटरटेनमेंट की तलाश ने अलग-अलग शैलियों और भाषाओं के प्रति गहरी दिलचस्पी पेश की है। चाहे वो रहस्यमय थ्रिलर हों या समाज से जुड़े गंभीर मुद्दों को उठाने वाली कहानियां, लोगों ने गूगल पर हर तरह का कंटेंट तलाशा और देखा।

आजकल ओटीटी प्लेटफॉर्म्स लोगों की पहली पसंद बन गए हैं, पूरी दुनिया में दर्शकों को अपना दीवाना बना रहे हैं। भारत में भी यही ट्रेंड देखने को मिला है, जहां 2024 में सबसे ज्यादा सर्च किए गए शोज में से कई ओटीटी प्लेटफॉर्म्स से ही थे। बता दें कि गूगल ने हाल ही में 2024 में भारतीयों द्वारा सबसे ज्यादा सर्च किए गए टॉप 10 शोज की लिस्ट जारी की है।







इस साल की टॉप सर्च में संजय लीला भंसाली की पहली वेब सीरीज हीरामंडी, पंचायत और कोटा फैक्ट्री खास चर्चा में रहीं। इस तरह से हीरामंडी ने पहला स्थान हासिल किया है, जबकि पंचायत पांचवें और कोटा फैक्ट्री आठवें नंबर पर रही।

इस साल टीवीएफ ने अपने शानदार शोज के साथ बाजी मारी है। सपने वर्सेज एव्रीवन, वेरी पारिवारिक, पंचायत सीजन 3, कोटा फैक्टरी सीजन 3, गुल्लक सीजन 4 और अरेंज्ड कपल जैसे शोज ने दर्शकों का दिल जीत लिया। टीवीएफ ने ये साबित कर दिया है कि उन्हें अपने दर्शकों और उनकी पसंद की गहरी समझ है। उनकी कहानियां लोगों से सीधे जुड़ती हैं।

संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज हीरामंडी द डायमंड बाजार ने नेटफ्लिक्स पर आते ही धमाल मचा दिया। ये शो गूगल इंडिया पर 2024 का सबसे ज्यादा सर्च किया जाने वाला शो बन गया। ये भंसाली का पहला वेब शो है, जिसमें उन्होंने अपनी भव्यता को बखूबी दिखाया। शानदार विजुअल्स, दिल को छू लेने वाला म्यूजिक, दमदार कहानी और कास्ट की जबरदस्त परफॉर्मेंस ने दर्शकों का दिल जीत लिया। भंसाली की शानदार कहानी कहने की शैली ने इस शो को दर्शकों और क्रिटिक्स दोनों से जमकर सराहना दिलवाई है।

## तीसरी एनिवर्सरी पर राजस्थान में कटरीना ने जंगल में बिताए 48 घंटे

**पाली।** शादी की तीसरी सालगिरह पर फिल्म एक्ट्रेस कटरीना कैफ अभिनेता पति विक्की कौशल के साथ राजस्थान आई हुई हैं। उन्होंने पाली के सुजान जवाई होटल में वक्त बिताया। कटरीना ने पाली के जवाई इलाके की 12 खूबसूरत तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं और लिखा- जंगल में 48 घंटे। कटरीना कैफ ने जंगल, लेपर्ड, नील गाय, स्विमिंग पूल और होटल इंटीरियर के फोटो शेयर किए।

फिल्म अभिनेता विक्की कौशल और कटरीना कैफ ने शादी की तीसरी एनीवर्सरी सेलिब्रेट करने के लिए राजस्थान को चुना। वे रविवार और सोमवार को पाली स्थित जवाई लेपर्ड कंजर्वेशन एरिया के पास स्थित सुजान होटल में रुके थे। सोमवार को उन्होंने शादी की सालगिरह सेलिब्रेट की। होटल की ओर से सेलिब्रेशन के लिए खास इंतजाम किए गए। दोनों ने केक काटा और एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। शाम को लालटेन की रोशनी में दोनों ने डिनर किया। इस दौरान उन्हें राजस्थानी भोजन सर्व किया गया।



डिनर के बाद संगीत का कार्यक्रम भी हुआ। इसके लिए लोक कलाकारों को बुलाया गया। कटरीना यलो टी-शर्ट और विक्की कौशल ब्लैक टी-शर्ट, कैप में घनी मूछों में नजर आए। सेल्फी में दोनों मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं। कटरीना ने इस फोटो के साथ इमोशनल भरा मैसेज भी लिखा दिल तू, जान तू। मंगलवार सुबह कटरीना कैफ और विक्की कौशल सुजान जवाई होटल से कार से उदयपुर के लिए रवाना हो गए। विक्की और कटरीना ने नौ दिसम्बर 2021 को राजस्थान के सवाई माधोपुर के सिक्स सेंसेस फोर्ट बरवाड़ा में शादी की थी।। इसके बाद अगले साल 2022 उन्होंने पाली के सुजान जवाई में क्रिसमस की छुट्?टियां बिताई थीं। खुले जंगल में स्थित सुजान जवाई होटल की प्राइवेसी और जंगल से नजदीकी विक्की और कटरीना को बहुत पसंद आई।

# चैंपियंस लीग 2024-25: विनीसियस जूनियर के गोल से रियल मैड्रिड ने अटलांटा को हराया

एजेंसी

**बर्गमो (मिलान)**। रियल मैड्रिड ने मंगलवार देर रात किलियन एमबाप्पे, विनीसियस जूनियर और जूड बेलिंगहैम के गोलों की बदौलत अटलांटा पर चैंपियंस लीग में 3-2 से जीत हासिल की, जिससे प्रतियोगिता में उनकी लगातार दो मैचों से चली आ रही हार का सिलसिला भी टूट गया।

रियल ने सीरी ए की लीडर टीम को इस सीजन के नए चैंपियंस लीग में पहली हार दी, जब एमबाप्पे ने 10वें मिनट में बॉक्स के अंदर से गोल करके टीम को बढ़त दिलाई हालांकि इसके बाद चोट के कारण उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा।



मध्यांतर से ठीक पहले चार्ल्स डी केटेलेयर ने पेनाल्टी के जरिए गोल कर अटलांटा को बराबरी दिला दी, लेकिन 56वें मिनट में विनिसियस जूनियर ने रिबाउंड पर गोल करके मेहमान टीम को फिर से आगे कर दिया।

तीन मिनट बाद बेलिंगहैम ने जवाबी हमला करके अपनी बढ़त को बढ़ाया लेकिन 65वें मिनट में एडेमोला लुकमैन ने गोल करके अंतर को कम किया, जिसके बाद रियल के गोलकीपर थिबॉट कोर्टोइस ने अपना जादू दिखाते हुए लगातार गोल बचाकर टीम को 3-2 से जीत दिला दी।

दो मैच शेष रहते, रियल 36 टीमों की तालिका में नौ अंकों के साथ 18वें स्थान पर है, जो शीर्ष आठ स्थानों से तीन अंक पीछे है, जिससे अंतिम 16 में सीधे प्रवेश सुनिश्चित होता है। अटलांटा 11 अंकों के साथ नौवें स्थान पर है।

# चेंगदू के मिडफील्डर मुटेलिप को टखने में लगी चोट

एजेंसी

बीजिंग। चीनी सुपर लीग (सीएसएल) क्लब चेंगदू रोंगचेंग ने मंगलवार को घोषणा की कि उसके मिडफील्डर मुटेलिप इमिनकारी को अंडर-21 मैच खेलते समय टखने में चोट लग गई है। चेंगदू क्लब ने एक बयान में कहा कि रविवार को खेल के दौरान विपक्षी खिलाड़ी द्वारा टैकल किए जाने के बाद 20 वर्षीय खिलाड़ी के दाहिने टखने में लिगामेंट की चोट लग गई। चेंगदू की टीम ने कहा कि मुटेलिप को दो से तीन सप्ताह तक मैदान से बाहर रहना होगा। नवंबर की शुरूआत में 2024 सीएसएल अभियान समाप्त होने के बाद से, मुटेलिप पिछले एक महीने से चेंगदू अंडर-21 टीम के साथ खेल रहे थे।



## स्नूकर प्रतियोगिता : प्रयागराज के सृजन और देहरादून के रोहित पहुंचे चौथे दौर में

एजेंसी

**लखनऊ।** यूपीबीएसए (उत्तर प्रदेश बिलियड्र्स एंड स्नूकर एसोसिएशन) के तत्वावधान में आयोजित सीनियर स्नूकर के तीसरे दौर के प्रतियोगिता में प्रयागराज के सृजन सिंह, दिल्ली के प्रतीक चौधरी व मफान खान और देहरादून के रोहित गर्ब्याल ने जीत दर्ज की।

वहीं लखनऊ के कंकन शम्सी, अशर अबरार, लराइब किदवई व वंश पंजवानी और दिल्ली के युवा काशिफ खान ने तनुज कोहली मेमोरियल नॉर्थ इंडिया ओपन स्नूकर टूनार्मेंट में तीसरे दौर में बेहतरीन खेल दिखाया और चौथे दौर में प्रवेश किया। लखनऊ के सीनियर स्नूकर प्लेयर कंकन शम्सी ने 56 के अद्भुत ब्रेक से सभी को प्रभावित किया और बेस्ट-ऑफ-फाइव मैच में हरियाणा के शोकीन मोहम्मद को 3-1 से हराया। शम्सी ने दबाव में भी संयम से खेलते हुए उम्दा शॉट लगाते हुए जीत हासिल की। लखनऊ के ही एक अन्य प्रसिद्ध स्नूकर खिलाड़ी अशर अबरार ने असाधारण कौशल और रणनीति का प्रदर्शन करते हुए देहरादून के अपने



प्रतिद्वंद्वी आदित्य बिष्ट को एकतरफा 3-0 से हराया। अशर ने पूरे मैच में दबाव बनाए रखा, जिसके चलते पिछले दौर में उम्दा खेल दिखाने वाले आदित्य आक्रामक रणनीति नहीं अपना सके। अशर ने सटीक और कई प्रभावशाली ब्रेक के समन्वय से हर फ्रेम पर अपना दबदबा बनाया। दिल्ली के युवा काशिफ खान ने लखनऊ के हिमांशु सचदेवा के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी की और मैच को 3-1 से जीता। हिमांशु सचदेवा को निर्णायक फ्रेम में चूकने का खामियाजा भुगतना पड़ा। इसका काशिफ ने पूरा फायदा उठाया।

## बीजिंग गुओआन के मुख्य कोच नियुक्त हुए क्विके सेटियन

एजेंसी

**बीजिंग।** स्पेन के क्विक सेटियन को बीजिंग गुआन का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है, चीनी सुपर लीग (सीएसएल) क्लब ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। 1958 में जन्मे सेटियन ने अपने खिलाड़ी करियर की शुरूआत घरेलू टीम रेसिंग डी सैंटेंडर से की और रिटायरमेंट के बाद रियल बेटिस और बार्सिलोना सहित कई टीमों को कोचिंग दी। बीजिंग गुआन ने एक बयान में कहा, 'कोच सेटियन के पास प्रचुर अनुभव है और वह युवा खिलाड़ियों को तैयार करने में अच्छे हैं। हमें विश्वास है कि वह नई ऊर्जा लाएंगे और टीम को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।' नवंबर में समाप्त हुए 2024 सीएसएल में बीजिंग गुआन 16 जीत, 8 ड्रॉ और 6 हार के साथ चौथे स्थान पर रहा।



# एफआईवीबी ने की वॉलीबॉल नेशंस लीग 2025 के लिए मेजबान शहर और पूल की घोषणा

एजेंसी

**जिनेवा।** विश्व वॉलीबॉल नियामक संस्था एफआईवीबी ने मंगलवार को 2025 वॉलीबॉल नेशंस लीग (वीएनएल) के विवरण की घोषणा की, जिसमें मेजबान शहर, पूल, कार्यक्रम और टिकट शामिल हैं। महिलाओं की प्रतियोगिता 4-8 जून, 2025 तक तीन शहरों - कनाडा के ओटावा, ब्राजील के रियो डी जेनेरियो और चीन की राजधानी बीजिंग में होगी, जबकि पहले सप्ताह की पुरुषों की प्रतियोगिता 11-15 जून तक कनाडा के क्यूबेक शहर, रियो डी जेनेरियो और चीन के शीआन में आयोजित की जाएगी। महिलाओं की प्रारंभिक प्रतियोगिता 9-13 जुलाई को नीदरलैंड के एपेलडॉर्न, संयुक्त राज्य अमेरिका के अर्लिंग्टन और जापान के कैंटो




में आयोजित की जाएगी, जबकि पुरुषों की टीमें अपने अंतिम प्रारंभिक मैचों में 15-20 जुलाई को पोलैंड के ग्दांस्क, स्लोवेनिया के ल्युब्लजाना और कैंटो में प्रतिस्पर्धा करेंगी। 2025 वीएनएल में भाग लेने वाली टीमों की संख्या 16 से बढ़ाकर 18 कर दी गई है, क्योंकि चीन और यूक्रेन को पुरुषों की सूची में जोड़ा गया है, जबकि चेक गणराज्य और बेल्जियम को महिलाओं की सूची में रखा गया है। इसका मतलब है कि प्रारंभिक चरण में तीन सप्ताह में प्रत्येक लिंग के लिए कुल 108 मैच खेले जाएंगे, और प्रत्येक टीम 12 मैच खेलेगी। महिलाओं की प्रतियोगिता के लिए फाइनल 23-27 जुलाई और पुरुषों के लिए 30 जुलाई से 3 अगस्त तक होगा।

# बीबीएल : मेलबर्न स्टार्स के कप्तान बने मार्कस स्टोइनिस

एजेंसी

**मेलबर्न**। मार्कस स्टोइनिस को आगामी बिग बैश लीग (बीबीएल) सत्र के लिए मेलबर्न स्टार्स का नया कप्तान नियुक्त किया गया है, जो लंबे समय से कप्तान रहे ग्लेन मैक्सवेल की जगह लेंगे जिन्होंने पिछली गर्मियों के अंत में कप्तानी छोड़ दी थी।

35 वर्षीय स्टोइनिस ने पिछले सीजन में मैक्सवेल की अनुपस्थिति में एक बार पहले भी स्टार्स का नेतृत्व किया था, जब मैक्सवेल अपने टूटे हुए पैर के कारण पूरे 2022-23 बीबीएल सीजन से चूक गए थे।

स्टोइनिस, मैक्सवेल के बाद स्टार्स के लिए 100 बीबीएल मैच खेलने वाले दूसरे खिलाड़ी हैं और पिछले सीजन के अंत में उन्होंने तीन साल के अनुबंध विस्तार पर



हस्ताक्षर किए थे, जिसका मतलब है कि वह 2026-27 के अंत तक क्लब में बने रहेंगे। स्टोइनिस ने कहा कि उन्हें यह भूमिका निभाकर सम्मानित महसूस हो रहा है।

स्टोइनिस ने क्रिकेट.कॉम.एयू के हवाले से कहा, 'पिछले साल मैक्सी की अनुपस्थिति में मुझे टीम की कप्तानी करने का थोड़ा अनुभव था और मुझे यह अवसर बहुत पसंद आया, इसलिए पूर्णकालिक भूमिका मिलना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। पिछले 10 सालों से हर साल गर्मियों में स्टार्स मेरे जीवन का अभिन्न अंग रहे हैं और मुझे सच में विश्वास है कि मैदान के अंदर और बाहर हमने जो समूह बनाया है, वह क्लब को लंबे समय से प्रतीक्षित सफलता दिला सकता है।'

स्टार्स के महाप्रबंधक ब्लेयर क्राउच ने पिछले पांच सत्रों में कप्तान के रूप में मैक्सवेल के योगदान को स्वीकार किया।

क्राउच ने कहा, 'सबसे पहले, मैं पिछले पांच सत्रों में टीम का नेतृत्व करने के लिए ग्लेन मैक्सवेल के प्रयासों के लिए उनका आभार व्यक्त करना चाहता हूं और वह क्लब में सभी के लिए एक बेहतरीन संसाधन बने रहेंगे। मार्कस ने पिछले साल अपनी नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया और लंबे समय से टीम के वरिष्ठ सदस्य हैं। यह बहुत बढ़िया है कि कोई ऐसा व्यक्ति जो हमारे शुरू से ही स्टार्स में रहा है, वह बीबीएल14 में हमारे क्लब का नेतृत्व कर रहा है।'

स्टोइनिस के सीजन के शुरूआती हिस्से में कमजोर लाइन-अप की अगुआई करने की संभावना है। यह अज्ञात है कि मैक्सवेल अपनी हैमस्ट्रिंग चोट से कब वापसी करेंगे, लेकिन ऐसा लगता है कि कम से कम सीजन के पहले मैच में उनका खेलना संभव नहीं है।


स्कॉट बोलैंड और ब्यू वेबस्टर भी ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम से बाहर हो सकते हैं। विदेशी खिलाड़ी बेन डकेट और ओसामा मीर भी सीजन के पहले तीन गेम नहीं खेल पाएंगे।

## अक्षय कुमार की 'भूत बंगला' की रिलीज डेट आई सामने

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार जल्द ही आगामी फिल्म 'भूत बंगला' में नजर आएंगे। इस फिल्म की घोषणा उन्होंने सितंबर महीने में की थी, लेकिन तब से फैंस इस बात को लेकर उत्सुक हैं कि फिल्म कब रिलीज होगी। अब अक्षय ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्टर शेयर करके जानकारी दी है कि फिल्म कब रिलीज होगी। साथ ही फिल्म की शूटिंग के बारे में भी अपडेट दिया है। फिल्म के पोस्टर में अक्षय हाथ में दीया लिए बंगले पर बैठे नजर आ रहे हैं। साथ ही फिल्म की रिलीज डेट 2 अप्रैल, 2026 लिखी है। अभिनेता ने इसे कैप्शन दिया, 'अपने पसंदीदा अभिनेता प्रियदर्शन के साथ काम करने के लिए उत्साहित हूं। आज से हम फिल्म 'भूत बांग्ला' की शूटिंग शुरू कर रहे हैं। डर और हंसी का ये डबल डोज 2 अप्रैल 2026 को आपके लिए तैयार हो जाएगा। तब तक, आपकी शुभकामनाएं हमारे साथ रहें।' अक्षय कुमार की 'भूत बंगला' एक हॉरर कॉमेडी फिल्म है। इससे पहले अक्षय प्रियदर्शन की 'भूल भुलैया' में काम कर चुके हैं। उनकी इस फिल्म को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। अब जब यह जोड़ी एक बार फिर साथ काम करने वाली है तो 'भूत बंगला' देखने के लिए दर्शकों की दिलचस्पी बढ़ गई है। प्रियदर्शन के निर्देशन में भूत बंगला को शोभा कपूर के बालाजी मोशन पिक्चर्स, केप ऑफ गुड फिल्म्स प्रोडक्शन हाउस द्वारा निर्मित किया जाएगा। साथ ही इस फिल्म की कहानी आकाश ए ने लिखी है। कौशिक द्वारा लिखित और डायलॉग रोहन शंकर ने लिखा है। अक्षय कुमार की इस हॉरर कॉमेडी फिल्म में एक्ट्रेस वामिका गब्बी भी होंगी। फिल्म में वह अहम भूमिका निभाएंगी। साथ ही वामिका का किरदार फिल्म में हंसी बढ़ा देगा। अक्षय कुमार के काम की बात करें तो उन्होंने अब तक बॉलीवुड को कई सुपरहिट फिल्में दी हैं। सामाजिक संदेश देने वाले विषयों पर आधारित उनकी दोनों फिल्में 'पैडमैन' और 'टॉयलेट: एक प्रेम कथा' दर्शकों को पसंद आईं। अब वह 'भूत बंगला' के साथ-साथ आने वाली फिल्म 'हाउलफुल 5' और 'हेराफेरी-3' में नजर आएंगे।

## कूचबिहार को अलग राज्य घोषित करने की मांग पर

# रेल रोको आंदोलन से उत्तर बंगाल के चार जिलों में यातायात बाधित



एजेंसी

**कोलकाता ।** ग्रेटर कूचबिहार पीपल्स एसोसिएशन (जीसीपीए) द्वारा कूचबिहार को अलग राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर बुधवार सुबह असम-पश्चिम बंगाल सीमा के जोड़ाई स्टेशन पर 'रेल रोको' आंदोलन शुरू किया गया। आंदोलनकारियों के इस कदम के चलते उत्तर बंगाल के चार जिलों में रेल यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। कई लंबी दूरी की ट्रेनें रोक दी गईं, जबकि कई ट्रेनों को रद करना पड़ा। इनमें वंदे भारत एक्सप्रेस भी शामिल है।जीसीपीए की लंबे समय से मांग है कि कूचबिहार को अलग राज्य का दर्जा दिया जाए। इस मुद्दे पर संगठन ने बुधवार को फिर से अपना आंदोलन तेज कर दिया। सुबह होते ही संगठन के नेता बंशी मदन के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता जोड़ाई स्टेशन पर ट्रैक पर बैठ गए। आंदोलनकारियों ने साफ कर दिया कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी, आंदोलन जारी रहेगा।रेलवे सूत्रों के मुताबिक, इस आंदोलन के चलते अप और डाउन वंदे भारत एक्सप्रेस, गुवाहाटी-न्यू जलपाईगुड़ी और बंगाईगांव-न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस सहित चार ट्रेनों को रद्द करना पड़ा। वहीं, डिब्रूगढ़-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, अरुणाचल एक्सप्रेस और गुवाहाटी-नई दिल्ली एक्सप्रेस को फकीराग्राम, गोलकगंज और न्यू कूचबिहार होते हुए अन्य मार्गों से चलाया गया।इस आंदोलन के कारण हजारों यात्री मुश्किल में पड़ गए। रेलवे ने यात्रियों की मदद के लिए विभिन्न स्टेशनों पर हेल्प डेस्क स्थापित किए हैं। फिर भी, यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। कूचबिहार को अलग राज्य का दर्जा देने की मांग काफी पुरानी है। हालांकि, राज्य सरकार या केंद्र सरकार की ओर से इस पर अब तक कोई ठोस प्रतिक्रिया नहीं आई है। आंदोलनकारियों का कहना है कि उनकी मांगों को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है, जिसके कारण उन्हें यह कदम उठाना पड़ा है।दूसरी ओर रेलवे प्रशासन और राज्य सरकार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। यात्रियों को राहत देने के लिए वैकल्पिक मार्गों से ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है, लेकिन स्थिति अभी भी सामान्य नहीं है। उत्तर बंगाल में इस आंदोलन से न केवल यात्री बल्कि व्यापार और अन्य गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं। अब देखना यह होगा कि सरकार और रेलवे इस स्थिति से कैसे निपटते हैं और आंदोलनकारियों की मांगों पर क्या रुख अपनाते हैं।

## ऋषिकेश में योग सीखने आए विदेशी युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**ऋषिकेश।** इटली से योग सीखने ऋषिकेश आए एक विदेशी युवक की मुनि की रेती थाना क्षेत्र के तपोवन के एक गेस्ट हाउस में संदिग्ध परिस्थितियों मौत हो गयी। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है। पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एम्स भेज दिया है।

थाना मुनि की रेती प्रभारी निरीक्षक रितेश शाह ने बताया कि इटली? निवासी जोस राफेल कारपेंटरी 46 वर्ष यहां टूरिस्ट वीजा पर तपोवन में ?योग सीखने के लिए आया था। वह यहां एक गेस्ट हाउस में ठहरा था। गेस्ट हाउस के मालिक अनुज सिंह के अनुसार 7 दिसंबर को जोस राफेल गेस्ट हाउस में रुकने के लिए आया था, जिसकी 9 दिसंबर को अचानक तबियत खराब होने लगी थी, जिसे नजदीक डॉक्टर के बारे में बताया था। वह वहां से दवाई भी ले कर आया था। सोमवार देर शाम को उसकी तबियत और खराब होने पर 108 एम्बुलेंस से ऋषिकेश स्थित सरकारी हॉस्पिटल 8:25 बजे ले जाया गया, लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचित किया गया है।

## राजस्थान के दौसा में बोरवेल में गिरे बच्चे का बचाव कार्य 44 घंटे बाद भी जारी

एजेंसी

**दौसा।** राजस्थान के दौसा जिले के कालीखाड़ गांव में बोरवेल में गिरे पांच वर्षीय आर्यन को बचाने का ऑपरेशन 44 घंटे बाद भी जारी है। एनडीआरएफ टीम बोरवेल से करीब 10 फीट की दूरी पर 155 फीट गहरे गड्ढे की खुदाई कर रही है। इस काम के लिए सवाईमाधोपुर से मंगाई गई पाइलिंग मशीन का इस्तेमाल हो रहा है। गड्ढे की खुदाई पूरी होने के बाद 'रैट-होल माइनिंग' तकनीक से सुरंग बनाकर बच्चे तक पहुंचने की योजना है।

आर्यन के पिता जगदीश मीणा ने कहा कि वे बाजार गए थे। आर्यन मां के पास था। खेलते-खेलते वह बोरवेल में गिर गया। प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है। वे उनकी कोशिशों से संतुष्ट हैं। बस भगवान से प्रार्थना है कि उनका बच्चा सुरक्षित बाहर आ जाए। आर्यन की मां गुड्डी देवी ने कहा कि तीन दिन से उनका बच्चा बोरवेल में है। विधायक डीसी बैरवा भी मिलने नहीं आए। मुझे मेरा बच्चा चाहिए। आर्यन के सकुशल बाहर निकलने के लिए गांव के लोग भी प्रार्थना कर रहे हैं। हर तरफ बच्चे की सुरक्षा और जल्द रेस्क्यू की अपील हो रही है। प्रशासन और बचाव टीम के प्रयासों पर पूरे राज्य की नजर है।



### रेस्क्यू ऑपरेशन में 6 प्रयास विफल

सोमवार दोपहर से शुरू हुए इस ऑपरेशन में अब तक 6 बार जुगाड़ तकनीकों से बच्चे को बचाने की कोशिश की गई लेकिन सफलता नहीं मिली। एनडीआरएफ के कमांडेंट योगेश कुमार ने बताया कि अब तक 110 फीट खुदाई हो चुकी है और 155 फीट तक खुदाई पूरी होने के बाद पाइप डालकर बच्चे को निकालने की योजना है।

### क्या है रैट-होल माइनिंग

रैट-होल माइनिंग एक अवैध खनन तकनीक है, जिसमें संकरी और गहरी सुरंगों के जरिये खनिज पदार्थ निकाले जाते हैं। इसमें सुरक्षा उपकरणों की कमी और भूस्खलन का खतरा होता है। इस तकनीक का उपयोग आमतौर पर कोयला खनन में किया जाता है लेकिन इसकी खतरनाक प्रकृति के कारण इसे सरकार ने बैन कर रखा है।

## पंजाब-हरियाणा के कई जिलों में एनआईए के छापेमारी

एजेंसी

**चंडीगढ़।** खालिस्तानी आतंकियों व नशा तस्करों के साथ संबंधों की आशंका के चलते राष्ट्रीय जांच एजेंसी की टीमों ने बुधवार को हरियाणा व पंजाब में कई जगह छापेमारी की। एनआईए की यह जांच सुबह पांच बजे शुरू हुई और करीब 11 बजे समाप्त हुई। एनआईए की टीमों ने पंजाब के मुक्तसर साहिब, बठिंडा तथा हरियाणा के सिरसा जिले में छापेमारी की। जानकारी के अनुसार यह छापेमारी गैंगस्टर और आतंकियों के कनेक्शन को लेकर की गई है। मानसा में एनआईए की ओर से शहर में विशाल सिंह (पटियाला जेल में बंद) और मेहशी बॉक्सर (पूर्व खिलाड़ी) के लिंक आतंकी अर्श डल्ला और नशा तस्करों से होने का शक है। बठिंडा में एनआईए ने संदीप सिंह ढिल्लों निवासी गांव कोठा गुरु, बॉबी निवासी मोड मंडी और एक अन्य के घर पर छापेमारी की। मलोट रोड बाइपास पर अमनदीप नाम के व्यक्ति के घर पर ये रेड की गई थी। अमनदीप नाभा जेल में बंद है।

एनआईए ने हरियाणा के सिरसा जिले के अंतर्गत डबवाली और गांव लोहगढ़ में दो जगहों पर छापेमारी की। गांव लोहगढ़ में बठिंडा जेल में बंद अमर प्रताप सिंह उर्फ राजू के घर हद्ध पहुंची थी। यहां राजू के पिता कुलदीप सिंह से टीम ने पूछताछ की है। राजू के खिलाफ केस दर्ज है और एक महीना पहले ही उस पर आर्म्स एक्ट में केस दर्ज हुआ था। अब वह जेल में है। एनआईए ने डबवाली स्थित धारीवाल कॉलोनी में राजू के साथी बलराज सिंह से भी पूछताछ की। बलराज को पूछताछ के बाद छोड़ दिया।

## कुपवाड़ा जिले में सुरक्षाबलों ने संदिग्ध आईईडी को नियंत्रित विस्फोट से किया नष्ट

एजेंसी

**कुपवाड़ा।** उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के लंगेट इलाके में सुरक्षाबलों ने बुधवार को एक संदिग्ध इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) का पता लगाया और उसे एक नियंत्रित विस्फोट के माध्यम से नष्ट कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस और सेना के संयुक्त गश्ती दल को कुपवाड़ा जिले के हंदवाड़ा इलाके के लंगेट में राजमार्ग के किनारे एक संदिग्ध बैग मिला। उन्होंने बताया कि तुरंत बम निरोधक दस्ते को मौके पर बुलाया गया और संदिग्ध बैग को सुरक्षित एक सुनसान जगह पर ले जाया गया। दस्ते ने मौके पर पहुंच कर नियंत्रित विस्फोट के माध्यम से संदिग्ध आईईडी को नष्ट कर दिया। इसमें कोई नुकसान नहीं हुआ।पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सड़क पर यातायात की आवाजाही अस्थायी रूप से रोक दी गई थी। उन्होंने कहा कि संदिग्ध डिवाइस को नष्ट करने के बाद यातायात की आवाजाही बहाल कर दी गई है। इससे पहले मंगलवार की सुबह उत्तरी कश्मीर के बारामुला जिले के पट्टन इलाके में भी पुलिस और सुरक्षाबलों ने एक आईईडी का पता लगाकर उसे निष्क्रिय किया था।

## बड़े बांग्लादेश का सपना, पश्चिम बंगाल में 'हिजबुत तहरीर' के आतंकियों की सक्रियता ने बढ़ाई चिंता

एजेंसी

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल में आतंकी संगठन 'हिजबुत तहरीर' की गतिविधियों ने चिंता बढ़ा दी है। केंद्रीय खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले मई महीने में इस संगठन के दो सदस्य बांग्लादेश से भारत आए और राज्य में अपना नेटवर्क तैयार करने के लिए गतिविधियां शुरू कीं। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में स्लीपर सेल बनाने की भी कोशिश की।खुफिया सूत्रों के अनुसार, ये दोनों आतंकी पासपोर्ट के जरिए भारत में दाखिल हुए और खुद को छात्र बताकर अपनी साजिश को अंजाम देने का प्रयास किया। इनकी पहचान अमीर सब्बीर और रिजवान मारूफ के रूप में हुई है, जो बांग्लादेश के राजशाही जिले के निवासी हैं। 23 मई को मालदा के मोहदिपुर सीमा से भारत में प्रवेश करने के बाद ये दोनों मालदा के बैष्णवनगर इलाके के एक युवक के संपर्क में आए।खुफिया विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि टूरिस्ट वीजा पर आए इन दोनों ने बैष्णवनगर में उस युवक के घर में ठहरकर आसपास के इलाकों में बैठकें कीं। मालदा से आगे बढ़कर ये दोनों मुर्शिदाबाद के धुलियान इलाके में पहुंचे, जहां उन्होंने गांव के युवाओं से मुलाकात की। इन मुलाकातों के दौरान उन्होंने धार्मिक चर्चा शुरू की और धीरे-धीरे 'बड़े बांग्लादेश' की विचारधारा को बढ़ावा देने की कोशिश की।खुफिया एजेंसियों के अनुसार, बैष्णवनगर का युवक पहले 'सिमी' संगठन से जुड़ा हुआ था।



# शेयर बाजार के शुरूआती कारोबार में उतार चढ़ाव, सेंसेक्स और निफ्टी में मामूली तेजी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार आज शुरूआती कारोबार के दौरान उतार-चढ़ाव के बीच सीमित दायरे में कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत भी मामूली बढ़त के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद बिकवाली के दबाव के कारण ये सूचकांक कुछ देर के लिए लाल निशान में भी गिर गया, लेकिन थोड़ी देर बाद ही खरीदारी का सपोर्ट मिलने पर इसने दोबारा हरे निशान में अपनी जगह बना ली। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.02 प्रतिशत और निफ्टी 0.07 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे।

शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से अल्ट्राटेक सीमेंट, ब्रिटानिया, नेस्ले, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के शेयर 2.08 प्रतिशत से लेकर 1.28 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर आईसीआईसीआई बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजी, विप्रो, टेक महिंद्रा और अडाणी पोर्ट्स के शेयर 0.87 प्रतिशत से लेकर 0.41 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे।




अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,338 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,439 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 899 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 14 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 16 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 29 शेयर हरे निशान में और 21 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

बीएसई का सेंसेक्स आज 58.34 अंक की मजबूती के साथ 81,568.39 अंक के स्तर पर खुला। बाजार खुलते ही लिवालों और बिकवालों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू हो गई। खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 81,602.11 अंक के स्तर तक पहुंचा, वहीं बिकवाली का दबाव बनने पर इसने 81,383.42 अंक तक गोता भी लगा दिया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 14.50 अंक की सांकेतिक बढ़त के साथ 81,524.55 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 10.45 अंक की तेजी के साथ 24,620.50 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। शुरूआती कारोबार में ही तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच खींचतान शुरू हो जाने के कारण इस सूचकांक की चाल में भी लगातार उतार चढ़ाव होने लगा। खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 24,649 अंक के स्तर तक पहुंचा, वहीं बिकवाली का दबाव बनने पर ये लाल निशान में 24,583.85 अंक तक गिर भी गया। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद निफ्टी 16.90 अंक की तेजी के साथ 24,626.95 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

इसके पहले पिछले कारोबारी दिन मंगलवार को सेंसेक्स 1.59 अंक यानी 0.006 प्रतिशत की सांकेतिक मजबूती के साथ 81,510.05 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 8.95 अंक यानी 0.04 प्रतिशत की मामूली कमजोरी के साथ 24,610.05 अंक के स्तर पर मंगलवार के कारोबार का अंत किया था।

## न्यूज IN ब्रीफ

### छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सलियों ने की भाजपा कार्यकर्ता की हत्या

बीजापुर/रायपुर। छत्तीसगढ़ में नक्सलियों ने फरसेगढ़ थाना क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा) के एक कार्यकर्ता की हत्या कर दी। इसकी पुष्टि बीजापुर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने की । बीजापुर पुलिस के अनुसार, कुटरू तहसील के ग्राम सोमनपल्ली निवासी भाजपा कार्यकर्ता माड़ो राम कुड़ियम का नक्सलियों ने मंगलवार देररात अपहरण कर लिया। इसके बाद गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। सोमनपल्ली मार्ग पर आज सुबह सुबह उनका शव मिला है। पास से पर्चा बरामद हुआ है। पर्चा में उन पर नक्सलियों ने मुखबिरी का आरोप लगाया है । सप्ताह भर के भीतर बीजापुर में नक्सलियों ने पांचवी वारदात को अंजाम दिया है। सबसे पहले भैरमगढ़ और कडेर में दो पूर्व सरपंच की हत्या की। इसके बाद बासागुड़ा में एक महिला आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और फिर मद्देड़ के लोडेड़ में एक अन्य महिला को मुखबिरी के शक में मौत के घाट उतारा।

### भोपाल में आज 5000 से अधिक पुरोहित करेंगे 'कर्म योग' का सस्वर पाठ, बनेगा वर्ल्ड रिकॉर्ड

**भोपाल।** भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के आशीर्वाद से धन्य भूमि मध्य प्रदेश में गीता जयंती के पावन पर्व के अवसर पर 'गीता पाठ का गिनीज विश्व रिकॉर्ड' बनाए जाने का अनूठा पावन प्रयास किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव अंतर्गत आज भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में सुबह 10 बजे राज्यस्तरीय कार्यक्रम में पहली बार पांच हजार से अधिक आचार्यों द्वारा गीता के तृतीय अध्याय 'कर्म योग' का सस्वर पाठ कर विश्व रिकॉर्ड में दर्ज कराने की दावेदारी जताएंगे।जनसम्पर्क अधिकारी अनुराग उइके ने बताया कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान श्रीमद्भागवत पुराण और गौ एवं गोपाल चित्र प्रदर्शनी का संयोजन किया जाएगा। साथ ही साधो बैंड मुंबई के द्वारा भक्तिमय गीतों की सुरमई प्रस्तुति दी जाएगी। विशेष रूप से मध्य प्रदेश में आ रहे पर्यटकों और आगंतुकों को गीता की महिमा से अवगत कराने के लिए प्रदेश के होटलों में श्रीमद्भगवद्गीता, वाल्मीकि रामायण और रामचरित मानस की एक-एक प्रति रखने की पहल भी की जाएगी।उल्लेखनीय है कि मार्गशीर्ष माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि के अगले दिन गीता जयंती का पर्व मनाया जाता है। इस तिथि पर मोक्षदा एकादशी व्रत भी किया जाता है। पंचांग के अनुसार आज 11 दिसंबर को गीता जयंती है। भगवान श्रीकृष्ण द्वारा पांच हजार वर्ष पहले कौरव-पांडवों के युद्ध के बीच अर्जुन को कर्मवाद की शिक्षा प्रदान करने से धर्मग्रंथ 'गीता' की रचना हुई।

### सीरिया में फंसे 75 भारतीय नागरिकों की निकासी

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने सीरिया में हाल ही में हुए घटनाक्रम के बाद आज 75 भारतीय नागरिकों को वहां से निकाला। इनमें जम्मू और कश्मीर के 44 'जायरीन' शामिल थे, जो सैदा जैनब में फंसे हुए थे। सभी भारतीय नागरिक सुरक्षित रूप से लेबनान पहुंच गए हैं और वे उपलब्ध वाणिज्यिक उड़ानों से भारत लौटेंगे। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि सीरिया में सुरक्षा स्थिति के हमारे आकलन और भारतीय नागरिकों के अनुरोध के बाद दमिश्क और बेरूत स्थित भारतीय दूतावासों द्वारा समन्वित निकासी की प्रक्रिया शुरू की गई। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत सरकार विदेश में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। सीरिया में रह रहे भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे दमिश्क में भारतीय दूतावास के आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर +963 993385973 (व्हाट्सएप पर भी) और ईमेल आईडी (hoc.damascus@mea.gov.in) पर अपडेट के लिए संपर्क में रहें। सरकार स्थिति पर बारीकी से नजर रख रही है।

### संजय सिंह और इमरान प्रतापगढ़ी ने राज्यसभा में कार्य स्थगन का नोटिस दिया

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह और कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य ने नियम 267 के तहत कार्य स्थगन नोटिस दिया है। संजय सिंह ने अपने प्रस्ताव में दिल्ली में बढ़ते अपराध और जनप्रतिनिधियों को मिल रही धमकियों पर चर्चा कराने की मांग की है।संजय सिंह ने अपने प्रस्ताव में दिल्ली की बिगड़ती कानून-व्यवस्था की स्थिति की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने हाल की घटनाओं का उल्लेख किया है। इमरान प्रतापगढ़ी ने अपने प्रस्ताव में देश में मुस्लिम समुदाय के खिलाफ बढ़ती हिंसक सांप्रदायिक घटनाओं पर चर्चा कराने की मांग की है।

### महाराष्ट्र के अतिरिक्त मुख्य चुनाव अधिकारी का दावा-ईवीएम को हैक नहीं किया जा सकता

**मुंबई।** महाराष्ट्र राज्य के अतिरिक्त मुख्य चुनाव अधिकारी किरण कुलकर्णी ने दावा किया है कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को किसी भी कीमत पर हैक नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि ईवीएम को लेकर गलतफहमी की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) की तय प्रक्रिया वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) की गिनती और ईवीएम के जरिए उम्मीदवार को मिले वोटों के मिलान की अनुमति देती है। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के बाद हुई मतगणना प्रक्रिया में कहीं भी वोटों में अंतर नहीं पाया गया है। विधानसभा चुनाव में अपेक्षित सफलता न मिलने पर विपक्ष के ईवीएम पर सवाल खड़ा करने पर बुधवार को किरण कुलकर्णी ने बताया कि ईवीएम में इस्तेमाल होने वाले चिप्स एक बार प्रोग्राम करने योग्य होते हैं, जिससे न ही छेड़छाड़ असंभव है और इसमें कोई रीप्रोग्रामिंग नहीं की जा सकती। इस कारण ईवीएम को किसी नेटवर्क या बाहरी गैजेट से जोड़ा नहीं जा सकता है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा 288 सदस्यीय विधानसभा में 132 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी, जबकि उसके सहयोगी एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजीत पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी ने क्रमशः 57 और 41 सीटें जीतीं। महाविकास अघाड़ी (एमवीए) को बड़ा झटका लगा, क्योंकि कांग्रेस ने केवल 16 सीटें जीतीं, जबकि उसके गठबंधन सहयोगियों शिवसेना (यूबीटी) ने 20 सीटें जीतीं। एनसीपी (शरद पवार गुट) ने सिर्फ 10 सीटें हासिल कीं हैं। इसके बाद महाविकास आघाड़ी के नेताओं ने ईवीएम पर सवाल खड़े किये थे।

### प्रतिबंधित चरस के साथ तीन ड्रग तस्कर गिरफ्तार

**बारामूला।** बारामूला जिले में प्रतिबंधित चरस के साथ तीन ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक बयान में कहा गया है कि समाज में ड्रग्स के खतरे से निपटने के लिए निरंतर प्रयास करते हुए बारामूला पुलिस ने तीन ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से प्रतिबंधित पदार्थ बरामद किए हैं। अधिकारियों ने कहा कि एसएचओ के नेतृत्व में पुलिस स्टेशन पट्टन की एक टीम ने रेलवे क्रॉसिंग पट्टन के पास एक चेकपॉइंट पर एक वाहन (एर्टिगा, पंजीकरण संख्या जेके05एम-8404) को रोका। वाहन में तीन व्यक्ति सवार थे जिनकी पहचान निल्लाह पलपोरा निवासी गुलाम मोहम्मद मीर के पुत्र झोन मोहम्मद मीर, निल्लाह पलपोरा निवासी स्वर्गीय अब्दुल अजीज के पुत्र मोहम्मद याकूब मीर और पुशवारी अनंतनाग निवासी गुलाम कादिर के पुत्र फैसल अहमद हजम के रूप में हुई है।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रैफिक ब्लॉक कार्य के स्थगित हो जाने के कारण रेल यातायात सुचारू

**अजमेरः** अजमेर मण्डल के मदार-पालनपुर रेलखण्ड पर आबूरोड-मावल स्टेशनों के मध्य ब्रिज संख्या 797 पर आरसीसी बॉक्स डालने हेतु ट्रेफिक ब्लॉक लिया जा रहा है था, जिसे तकनीकी कारणों से स्थगित किया जा रहा है। इस कारण से प्रभावित रेल सेवाएं को रीस्टोर किया जा रहा है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार उपरोक्त कार्य के स्थगित हो जाने के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित निम्न प्रभावित रेलसेवाएं रीस्टोर रहेगीः-

रीस्टोर आंशिक रद्द रेलसेवाएं (प्रारम्भिक स्टेशन से)

1.गाडी संख्या 14821, जोधपुर-साबरमती रेलसेवा जो दिनांक 13.12.24 को जोधपुर से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा आने निर्धारित स्टेशन तक संचालित होगी।

2.गाडी संख्या 14822, साबरमती-जोधपुर रेलसेवा दिनांक 14.12.24 को साबरमती से जोधपुर के लिए संचालित होगी।

रीस्टोर रीशड्यूल रेलसेवाएं

1. गाडी संख्या 14701, श्रीगंगानगर-बान्द्रा टर्मिनस रेलसेवा दिनांक 12.12.24 को अपनी समय सारणी अनुसार ही संचालित होगी।

रेगुलेट रेलसेवाएं

1.गाडी संख्या 14707, लालगढ-दादर रेलसेवा जो दिनांक 13.12.24 को निर्धारित मार्ग अनुसार संचालित होगी।

2. गाडी संख्या 12462, साबरमती-जोधपुर रेलसेवा जो दिनांक 13.12.24 को निर्धारित मार्ग अनुसार संचालित होगी।

3. गाडी संख्या 22548, साबरमती-ग्वालियर रेलसेवा जो दिनांक 13.12.24 को निर्धारित मार्ग अनुसार संचालित होगी।

### चक्रधरपुर शहरी क्षेत्र में नहीं हुई है अलाव की व्यवस्था



**चक्रधरपुरः** ठंड का प्रकोप दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है परंतु अब तक चक्रधरपुर नगर परिषद के द्वारा चक्रधरपुर शहरी क्षेत्र में अलाव की व्यवस्था नहीं हो पाई है, जबकि इसके पूर्व चक्रधरपुर नगर परिषद में कई पदाधिकारी आए और ठंड जैसे ही प्रारंभ होती थी अलाव की व्यवस्था हो जाता था,परंतु इस बार अब तक अलाव की व्यवस्था नहीं होना नगर परिषद चक्रधरपुर पर प्रश्न उठने जैसा लगता है, आम नागरिक अथवा गरीब गुरुवा ठंड की मार झेल रहे हैं, परंतु ना तो अब तक गरीबों के लिए कममल की व्यवस्था हुई है और ना ही शहर के चौक चौराहे पर अलाव की व्यवस्था जबकि इसे तत्काल करने की आवश्यकता है,उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष पवन शंकर पांडे ने कही श्री पांडे ने जिले के बरिये पदाधिकारी का ध्यान आकृष्ट करते हुए यह मांग की है कि ठंड को ध्यान में रखते हुए तत्काल चक्रधरपुर शहरी क्षेत्र में चौक चौराहे पर अलाव की व्यवस्था हो इस पर कार्य करने की आवश्यकता है, साथ ही गरीबों को कममल भी उपलब्ध हो,ताकि ठंड से गरीब गुरुवा बच सके।

### संविदा के आधार पर चयनित 05 अभ्यर्थियों को मिला नियुक्ति पत्र



**बोकारो :** उप विकास आयुक्त गिरिजा शंकर प्रसाद ने समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग अंतर्गत बाल संरक्षण इकाई में संविदा के आधार पर चयनित आंकड़ा विश्लेषक, सहायक सह डाटा एंट्री ऑपरेटर (डीसीपीयू), सहायक सह डाटा एंट्री ऑपरेटर (जेजेबी), आउटरेज वर्कर (डीसीपीयू)आदि पद पर 05 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देते हुए उनके बेहतर काम की अपील की ताकि बोकारो जिला अग्रणी जिलों में समकक्ष पहुंच सके। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त गिरिजा शंकर प्रसाद ने सभी युवक एवं युवतियां को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। आंकड़ा विश्लेषक के पदनाम पर वरुण कुमार, पिता विदेशी रजवार, पता सेक्टर 8 बोकारो स्टील सिटी का निवासी है। सहायक सह डाटा एंट्री ऑपरेटर अनिल रवानी, पिता धनेश्वर रवानी, सेक्टर 9 डी, बोकारो स्टील सिटी के निवासी हैं। सहायक सह डाटा एंट्री ऑपरेटर बेला कुमारी, पति रामेश्वर महतो, पता स्वांग, गोमिया के निवासी हैं। आउटरीच वर्कर कालीचरण महतो, पिता वरुण महतो, पता चंदनक्यारी निवासी है। आउट रिच वर्कर पदनाम के रूप में चंदन कुमार दास, पिता गौरी नाथ दास, पता चास, बोकारो के निवासी है। इस दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता, बाल संरक्षण पदाधिकारी अनीता झा सहित अन्य उपस्थित थे।

### चास नगर निगम सभी कार्य के लिए हुआ टीम गठित

**बोकारो :** चास नगर निगम सभागार में सहायक नगर आयुक्त जयपाल सिंह, सुश्री प्रियंका कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। मौके पर नगर प्रबंधक,सिटी मिशन मैनेजर, सहायक अभियंता , एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे। इस बैठक में चास नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत 35 वार्डो में साफ-सफाई, डोर-टू-डोर कचड़ा का उठाव से संबंधित चर्चा की गई। सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों के बीच वार्डो का बँटवारा किया गया एवं सभी को निर्देश दिया गया कि प्रतिदिन कम से कम 50 घरों में डोर-टू-डोर कचड़ा का उठाव से संबंधित सर्वेक्षण/फीडबैक फार्म भरकर कार्यालय में जमा करेंगे, जिसमें शहरी सुविधाओं से लेकर सभी कर्मी के द्वारा सफाई / जलापूर्ति/अवैध निर्माण/होल्डिंग टैक्स/ट्रेड लाइसेंस/यूजर चार्ज/संपूर्ण वार्डो में साफ-सफाई की व्यवस्था/ की जानकारी लिखित रूप में देना है एवं प्रत्येक दिन डोर टू डोर किए गए विजिट का रिपोर्ट नगर निगम में प्रस्तुत करना हैं सभी के द्वारा दिया गया रिपोर्ट पर अपर नगर आयुक्त के द्वारा प्रत्येक सप्ताह रिव्यू किया जाएगा ताकि शहर में साफ सफाई की व्यवस्था सुचारू रूप से हो। साथ ही उन्होंने शहर में अवैध जलापूर्ति कनेक्शन को बंद कराने हेतु गठित धावा टीम को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया।

### अधिवक्ता व पेशकार के निधन पर शोक व्यक्त किया

**बोकारो :** बोकारो के आसनबनी निवासी अधिवक्ता सुभाष चन्द्र महतो पिता दुर्गा चरण महतो के निधन पर आज बोकारो सिविल कोर्ट में कोई न्यायीक कार्य नही होगा। शोक सभा 1.30 बजे आयोजित किया गया है। ब्रेन हेमरेज के कारण निधन हो गई वे 49 वर्ष के थे। उन्हें इलाज के लिए कल शाम भर्ती करवाया गया था। आज उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची ले जाया जा रहा था लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। इस दुख के घरी में इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स की ओर से शत शत नमन और श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। दुसरीऔर बोकारो सिविल कोर्ट के तबिंदा खान के न्यायालय कर्मि पेशकार मनोज साव का कोर्ट इजलास में ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि रात में वह इजलास में ही कोर्ट का कार्य का निपटारा कर रहे थे उसी दौरान उनकी मौत हो गई। सुबह जब कोर्ट कर्मियों द्वारा इजलास खोल कर सफाई किया जा रहा था तब इस बात कि जानकारी मिली।

# प्रस्तुत प्रतिवेदन की जांच करेंगे : डीडीसी

**मेट्रो रेज**

**बोकारोः** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग अन्तर्गत कार्यो की समीक्षा उप विकास आयुक्त गिरिजा शंकर प्रसाद की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में सम्पन्न हुई। उप विकास आयुक्त गिरिजा शंकर प्रसाद द्वारा सहकारिता विभाग की समीक्षा के दौरान डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव डेवलपमेंट कमेटी एवं जॉइंट वर्किंग कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें उन्होंने निदेश दिया कि कम्प्यूट्राईजेशन ऑफ पैक्स अन्तर्गत्त सभी चयनित पैक्सों में सी.एस.सी. आई.डी. प्रदान करने, सभी भवन रहित पैक्सों को नजदिकी पंचायत भवन / सामुदायिक भवन/अन्य खाली



सरकारी पड़े भवन में एक कमरा आवंटित करने का प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को निदेश दिया। साथ ही सभी पंचायतों में मत्स्यजीवी सहयोग समिति एवं दुग्ध उत्पादक सहयोग समिति का निबंधन करना अनिवार्य है। उन्होंने आगे सभी अंचलाधिकारी को पैक्सों के भवन निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध कराने का निदेश दिया।

वहीं कृषि विभाग की समीक्षा के क्रम में समेकित बिरसा ग्राम योजना -सह- कृषक पाठशाला योजना अन्तर्गत सूचीबद्ध एजेंसी, आदर्श ग्राम विकास सेवा समिति के कार्यों एवं भुगतान की समीक्षा की गई। इस दौरान निदेश दिया कि सभी संबंधित विभाग इनके द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन की जाँच करेंगे एवं अगली बैठक में तत्संबंधित प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। साथ ही कृषक पाठशाला जरीडीह के डीपीआर का अनुमोदन संबंधित समीक्षा भी की गई, जिसमें उन्होंने निर्देश दिया कि अगली बैठक में कमिटी के माध्यम से इनका प्रतिवेदन प्राप्त करते हुए इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद ने भूमि संरक्षण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री ट्रैक्टर योजना अन्तर्गत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गई एवं इसका अनुमोदन भी किया गया। बैठक के दौरान जिला सहकारिता पदधिकारी श्वेता गुड़िया, जिला मत्स्य पदाधिकारी परीशेट्टी भार्गवी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी त्रिदेव, डी०डी०एम०, नाबार्ड सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ, बेरमो अंचल, तेनुघाट एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। साथ ही कृषक पाठशाला एवं आदर्श ग्राम विकास सेवा समिति के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

## श्याम सुन्दर महतो के संघर्ष, संकल्प और शिक्षा में योगदान के लिए आयुक्त ने उन्हें सराहा

**योति पाठक**

मधुसूदन पब्लिक स्कूल के ब×ीसवें वर्षगांठ एवं स्थापना दिवस तथा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में बतौर उपस्थित मुख्य अतिथि कोल्हान के लोकप्रिय आयुक्त हरि कुमार केसरी मधुसूदन पब्लिक स्कूल के चेयरमैन श्याम सुन्दर महतो के मधुसूदन पब्लिक स्कूल के प्रारंभ करने तथा उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में कुछ करने की ईच्छाशक्ति और बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने के दिशा में किये गये कारगर पहल को काफी सराहा। श्री महतो चक्रधरपुर स्थित मारवाड़ी उच्च विद्यालय के सफलतम शिक्षक और अनुशासनप्रिय रहने के कारण श्री महतो मारवाड़ी उच्च विद्यालय के छात्रावास अधीक्षक के रूप में 19 वर्षों तक अपने दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया। 1992 में मधुसूदन उच्च विद्यालय की शुरूआत हुई काफी कष्टप्रद स्थिति मे विद्यालय खोला गया और इसका संचालन



किया गया। 32 वर्षों में इस विद्यालय ने 7 एकड़ जमीन परिसर में विद्यालय का संचालन एवं छात्रावास तथा अन्य सुविधाओं से यह विद्यालय परिपूर्ण है। इस कार्य मे विद्यालय के चेयरमैन श्याम सुन्दर महतो का योगदान काफी उपलब्धिभरा है क्योंकि उन्होंने इस विद्यालय के संचालन, अनुशासन एवं पठन-पाठन के लिए मारवाड़ी उच्च विद्यालय से ऐच्छिक सेवानिवृति भी ले ली। वर्तमान समय में इस विद्यालय ने 32 वर्षों अर्थात तीन दशक में वो सब हासिल करने में सफल रहा जो शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्धि माना जाता है। वर्तमान समय में चेयरमैन श्याम सुन्दर महतो एवं निदेशक बलराज इन्दवार तथा समस्त शिक्षकगण के सामुहिक प्रयास एवं विद्यालय को बेहतर बनाने की दिशा में किये गये प्रयास का ही यह परिणाम है कि यह विद्यालय पुरे जिला में बेहतर परीक्षा परिणामफल और छात्रों के खुबियों और उपलब्धि के फलस्वरूप राज्य में भी पहचाना जाता है। कोल्हान के आयुक्त हरि कुमार केशरी ने विद्यालय के संघर्ष के साथ-साथ गौरव और उपलब्धि को जानकर काफी हर्षित हुए और उन्होंने विद्यालय को अपनी शुभकामना देते हुए कहा कि यह विद्यालय निरंतर सफलता और उपलब्धि के साथ-साथ इस क्षेत्र का गौरव बनें यही उनकी कामना और शुभकामना है।

### मानवाधिकार दिवस पर विद्यार्थियों को दी अधिकार की जानकारी

**सरायकेला :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार सरायकेला व अनुमंडीय विधिक सेवा समिति चांडिल की ओर से मंगलवार को मानवाधिकार दिवस के अवसर पर नीमडीह प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बाना में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में लोगों को उनके कानूनी हक व अधिकार के बारे में जानकारी दी गई. मौके पर मानवाधिकार के बारे में बताया गया.

**हर व्यक्ति को समान और न्यायपूर्ण तरीके से जीने का अधिकारः** शुभंकर महतो इस अवसर पर पीएलवी शुभंकर महतो ने कहा कि मानवाधिकार दिवस हमें हमारे अधिकारों की याद दिलाता है और हमें यह सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित करता है कि हर व्यक्ति को समान और न्यायपूर्ण तरीके से जीने का अधिकार है. चाहे हमारी राष्ट्रीयता, लिंग, राष्ट्र या जातीय मूल, रंग, धर्म, भाषा कोई अन्य स्थिति कुछ भी हो. इसके अलावा पीएलवी ने छात्र- छात्राओं को विभिन्न प्रकार की कानूनी जानकारी भी दी. मौके पर कानूनी पुस्तिका व पर्ची का वितरण किया गया।

### धान खरीद की सुचारू व्यवस्था के लिए पाथरघाटा धान अधिप्रति केंद्र का निरीक्षण

**जमशेदपुर :** बहरागोड़ा प्रखंड अंतर्गत पाथरघाटा धान अधिप्रति केंद्र का रामकृष्ण मिशन विवेकानंद एजुकेशनल इंस्टीट्यूट रांची की असिस्टेंट प्रोफेसर स्वाति शबनम ने मंगलवार को निरीक्षण किया. उन्होंने बताया धान खरीद की सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान खरीदी प्रक्रिया, नमी परीक्षण तथा भंडारण की व्यवस्था को बारीकी से जांच पड़ताल की गई. उन्होंने लैंप्स में मौजूद अधिकारी को निर्देश दिया कि किसानों की सुविधा तथा पारदर्शिता को महत्व दिया जाए. उन्होंने नमी परीक्षण तथा तौल प्रक्रिया में किसी भी प्रकार गड़बड़ी न होने की बात कही. भंडारण व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि खरीदा गया धान सुनिश्चित तरीके से रखा जाए। उन्होंने कहा कि धान खरीदारी नीति को सही ढंग से लागू करना प्रशासन की प्राथमिकता है. उसके लिए सभी विभाग मिलकर काम करें. इस दौरान उन्होंने धान अधिप्रति केंद्र के चारों ओर मशीनों को बारीकी से देखा। इस मौके पर लैंप्स के सचिव सपन माझी, रतन पाल, अशोक सोम, तपन भद्र, शंकर प्रधान, अरविंद दास, गोबिंद दास आदि उपस्थित थे।

## पुलिस अधीक्षक ने किया अंचल पुलिस निरीक्षक कार्यालय का निरीक्षण

सरायकेला : सरायकेला-खरसावां जिला के पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत ने मंगलवार को अंचल निरीक्षक कार्यालय, चांडिल का निरीक्षण किया. निरीक्षण के क्रम में कार्यालय में संधारित अभिलेखों की गहनता से जांच की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए.

**वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी अभियान चलाने का निर्देश :** निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने लंबित कांडों, वारंट, इश्तेहार, कुर्की आदि के बारे में जानकारी हासिल की और त्वरित निष्पादन करने के साथ वारंटियों व फिरारियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी अभियान चलाने का निर्देश दिया. इसके अलावा पुलिस अधीक्षक ने बैंक व एटीएम पर विशेष निगरानी रखने के साथ-साथ क्षेत्रों में अड्डाबाजी, अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए सघन गश्ती आदि में अंचल निरीक्षक चांडिल की सहभागिता एवं नियंत्रण के स्तर की समीक्षा की.

चांडिल स्थित पुलिस अंचल निरीक्षक कार्यालय का निरीक्षण करने के बाद जिला पुलिस कप्तान



ने अपने मातहत अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए. उन्होंने भयमुक्त वातावरण स्थापित करने, गैर कानूनी गतिविधियों पर पूरी तरह से अंकुश लगाने समेत आम जनता को स्वच्छ व समान कानूनी राज देने के लिए निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि पुलिस को आम जनता के साथ तालमेल स्थापित कर काम करने की जरूरत है. आपसी सामंजस?य से ही समूचा क्षेत्र अपराधमुक्त बन सकता है. इस अवसर पर अंचल पुलिस निरीक्षक के अलावा चांडिल, चौका, नीमडीह, ईचागढ़, तिरूलडीह थाना व कपाली ओपी के पुलिस पदाधिकारी भी मौजूद थे।

**पैदल गश्ती करते पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत व अन्य :** प्रहरीह्व पहल के तहत मंगलवार को सरायकेला-खरसावां जिला के पुलिस अधीक्षक ने चांडिल में पैदल गश्ती की. उन्होंने चांडिल थाना से चौक बाजार, तांती बांध के रास्ते एनएच 32 होते हुए चांडिल स्टेशन चौक तक पैदल गश्ती कर स्थिति का जायजा लिया. इस अवसर पर चांडिल के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अंचल निरीक्षक और अनुमंडल क्षेत्र के पुलिस पदाधिकारी एवं बल भी मौजूद थे. जिला पुलिस अधीक्षक ने नशाखोरी, अड्डेबाजी, छेड़खानी, सड़क पर अवैध रूप से पार्किंग और अन्य अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से प्रहरी पहल की शुरूआत की है. इसके तहत जिले के सभी थाना क्षेत्र में पुलिस पैदल गश्ती कर इन पर अंकुश लगाने की कोशिश करेगी।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से अज्ञात व्यक्ति घायल

**मांडर :** थाना क्षेत्र के मांडर बेड़ों मार्ग पर कंजिया पुल के निकट सड़क दुर्घटना में अज्ञात वाहन के चपेट में आने से पैदल चल रहा एक अज्ञात व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को मांडर स्थित रेफरल अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद, उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया।पुलिस अज्ञात घायल की पहचान और दुर्घटना में शामिल वाहन की खोजबीन में जुटी हुई है। प्रशासन ने स्थानीय लोगों से भी घायल के बारे में जानकारी साझा करने की अपील की है।

### सभी को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का है अधिकारः सुमन




**मांडर।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर मंगलवार को रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) के द्वारा मांडर प्रखंड के मुड़मा गांव में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पीएलवी (पैरालीगल वालंटियर्स) सुमन ठाकुर और पूनम देवी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

इस मौके पर सुमन ठाकुर ने मानवाधिकारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, ₹मानव होने के नाते सभी को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार है। इसके साथ ही हर व्यक्ति को वैधानिक सुविधाएं प्राप्त करने का अधिकार भी है।₹ उन्होंने बताया कि मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने और लोगों को उनके अधिकारों की जानकारी देने के उद्देश्य से हर साल 10 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है।

सुमन ठाकुर ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार का उद्देश्य है कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों के जरिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को उनके अधिकारों के प्रति शिक्षित किया जाए। उन्होंने मानवाधिकारों की रक्षा के लिए सरकार, गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) और सामाजिक संगठनों के योगदान की सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान आम लोगों के बीच मानवाधिकार से संबंधित बुकलेट भी वितरित की गई, ताकि उन्हें इस विषय पर और अधिक जानकारी मिल सके। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना और उनके हनन को रोकना है।

यह कार्यक्रम मुड़मा गांव के लोगों के लिए शिक्षाप्रद और प्रेरणादायक रहा, और इसने मानवाधिकारों की सुरक्षा और जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में काम किया।

### इजाजुल हक ने रविन्द्र महतो को अध्यक्ष बनने पर दी बधाई



सरायकेला-खरसवां जिला के झामुमो के वरीय नेता एवं झारखण्ड आन्दोलनकारी रहे इजाजुल हक ने झारखण्ड विधानसभा के सफलतम संचालन के लिए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में झारखण्डवासी ने जिस प्रकार से विश्वास और विकास के लिए प्रचण्ड मतों से चुनाव में उनके पक्ष में मतदान कर उन्हें दोबारा स×ा सौंपा है वह निश्चित तौर पर एतिहासिक सफलता है। झारखण्ड विधानसभा में मुख्यमंत्री के द्वारा बेहतर ढंग से संचालन और नये विधानसभा अध्यक्ष के रूप में रविन्द्र महतो के दोबारा विधानसभा अध्यक्ष बनने पर उन्हें भी ढेरों बधाई। जिस प्रकार से 2019 से 2024 तक झारखण्ड विधानसभा का कुशल और गौरवपूर्ण तरीके से संचालन किया इस बार भी विधानसभा बेहतर ढंग से संचालन के साथ-साथ जनसरोकार से जुड़े मामले का हर संभव समाधान होगा।

### टीकर पारगाना चौक में मनाई गई पूर्व पारगाना दिवंगत नकुल बेसरा की जयंती

**सरायकेला :** पातकोम दिशोम के पूर्व पारगाना दिवंगत नकुल बेसरा की जयंती मंगलवार को धूमधाम के साथ मनाई गई. ईचागढ प्रखंड के टीकर स्थित पारगाना चौक में आयोजित जयंती समारोह में पाताकेम दिशोम के पारगाना रामेश्वर बेसरा ने दिवंगत नकुल बेसरा के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया. इसके बाद उपस्थित लोगों ने बारी-बारी से माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की. जयंती समारोह में आदिवासी संताल समाज के लुप्त होती परंपरा को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई. बच्चों और महिलाओं के बीच खेलकूद प्रतियोगिता भी हुई।

**एकता बनाए रखने की अपील :** जयंती समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पातकोम दिशोम पारगाना रामेश्वर बेसरा ने समाज के लोगों से एकता बनाए रखने की अपील की. उन्होंने कहा कि आपसी एकता और सामंजस?य से ही समाज का विकास संभव है. उन्होंने लोगों से पूर्व पारगाना दिवंगत नकुल बेसरा के सपनों को साकार करने के लिए लोगों से कुरीतियों का त्याग कर शिक्षा को बढ़ावा देते हुए समाज के विकास में सहभागी बनने का आह्वान किया।

**यह थे उपस्थित :** इस अवसर पर शीलू सरना, योगेश्वर बेसरा, श्यामल मार्डी, रोहि बेसरा, नारायण हांसदा, बिजोली बेसरा आदि समेत बड़ी संख्या में संताल समाज के लोग मौजूद थे।